# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

## जनवरी-मार्च, 2010 सत्र

### मंगलवार, दिनांक 16 मार्च, 2010

### तारांकित प्रश्नोत्तर

जिला जांजगीर-चांपा में छात्रावासों की संख्या

1. ( *क्र. 1156) **श्री नारायण चंदेल :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि जिला जांजगीर-चांपा में अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग के कितने छात्रावास है एवं उनमें अधिवास करने वाले छात्रों की संख्या कितनी है ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री केदार कश्यप) : अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग के 87 छात्रावास है एवं उनमें अधिवास करने वाले छात्रों की संख्या 2997 है.

प्रशासनिक अधिकारियों पर दर्ज प्रकरणों की जानकारी

2. ( *क्र. 1738) **श्री नंदकुमार पटेल :** क्या मुख्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्तमान में छत्तीसगढ़ प्रदेश में कितने आई.ए.एस. एवं राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों पर आर्थिक गड़बड़ी एवं भ्रष्टाचार के मामले में प्रकरण कब से पंजीबद्ध है ? पंजीबद्ध होने के बाद प्रकरणों में क्या-क्या कार्यवाही हुई है ? (ख) छत्तीसगढ़ प्रदेश के जिन अधिकारियों पर आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो, एण्टी करप्शन ब्यूरो एवं ई.ओ.डब्ल्यू. में अपराध दर्ज है, क्या उनको पदोन्नति दी गई है ? यदि हां तो, कितने असफरों को ?

**मुख्य मंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) वर्तमान में छ. ग. प्रदेश में भारतीय प्रशासनिक सेवा के 04 अधिकारियों के विरुद्ध राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो में व 01 अधिकारी के विरुद्ध एन्टी करप्शन ब्यूरो में प्रकरण दर्ज है. एवं राज्य प्रशासनिक सेवा के 01 अधिकारी के विरुद्ध राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो में व 05 अधिकारियों के विरुद्ध एन्टी करप्शन ब्यूरो में प्रकरण दर्ज है. राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो तथा एन्टी करप्शन ब्यूरो में प्रकरण पंजीबद्ध होने के बाद प्रकरणों में ब्यूरो द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र "अ" में दर्शित है. (ख) आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो एवं एन्टी करप्शन ब्यूरो में अपराध दर्ज होने की तिथि के बाद भारत सरकार तथा राज्य शासन द्वारा प्रतिपादित व्यवस्था अनुसार 02 भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों को तथा 03 राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारियों को पदोन्नति दी गई है.

अकलतरा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत नल-जल योजना की स्थिति

3. ( *क्र. 430) **श्री सौरभ सिंह :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) अकलतरा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कितनी नल-जल योजना किन गांवों में चालू है ? कितनी नई प्रस्तावित है ? ग्रामवार जानकारी देवें. (ख) कितनी योजनायें किन कारणों से बंद है ? कितनी योजनाओं का काम अधूरा है ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री केदार कश्यप) : (क) अकलतरा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत 16 गांवों की नलजल योजना चालू है. ग्रामवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ " अनुसार. अकलतरा विधान सभा क्षेत्र में कोई नई नलजल योजना प्रस्तावित नहीं है. (ख) दो योजनाएं बंद हैं. विवरण † संलग्न प्रपत्र "ब" अनुसार. 12 योजनाओं का कार्य अधूरा है.

---

† परिशिष्ट "एक"

सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, रायपुर को विभिन्न कार्यों हेतु उपलब्ध करायी गयी राशि

4. ( *क्र. 994) **डॉ. शिवकुमार डहरिया :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि आदिमजाति एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास रायपुर को विकासखण्ड बिलाईगढ़ एवं कसडोल के लिए वर्ष 2007-08, 2008-09 एवं 2009-10 में, विकास, निर्माण, मरम्मत एवं सामग्री क्रय के लिए कुल कितनी-कितनी राशि उपलब्ध कराई गई ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री केदार कश्यप) **:** जानकारी निम्नानुसार है :—

| मद | विकासखंड | | उपलब्ध करायी गयी राशि (लाखों में) | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | वर्ष 2007-08 | वर्ष 2008-09 | वर्ष 2009-10 |
| (1) | (2) | | (3) | (4) | (5) |
| विकास एवं निर्माण | बिलाईगढ़ | | 355.949 | 116.65 | 52.98 |
| | कसडोल | | 157.249 | 296.70 | 282.00 |
| | | **योग** | **513.198** | **413.35** | **334.98** |
| मरम्मत | बिलाईगढ़ | | 00.906 | 00.50 | 02.86 |
| | कसडोल | | 06.958 | 18.135 | 03.28 |
| | | **योग** | **07.864** | **18.635** | **06.14** |
| सामग्री क्रय | बिलाईगढ़ | | 09.947 | 10.64 | - |
| | कसडोल | | 03.53 | 04.54 | - |
| | | **योग** | **13.477** | **15.18** | **-** |
| | | **महायोग** | **534.539** | **447.165** | **341.12** |

महासमुन्द जिले में स्थापित दुग्ध उत्पादन केन्द्र

5. ( *क्र. 1695) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) महासमुन्द जिले के अन्तर्गत दुग्ध उत्पादन केन्द्र कहां पर स्थापित है, 31 दिसम्बर, 2009 की स्थिति में बतावें ? (ख) दुग्ध उत्पादन हेतु दुग्ध डेयरी खोलने के लिए अजा/अजजा एवं पिछड़ा वर्ग के लोगों को कितनी वित्तीय सहायता दी जाती है ?

**कृषि मंत्री** (श्री चन्द्रशेखर साहू) **:** (क) महासमुंद जिला अन्तर्गत दिनांक 31-12-2009 की स्थिति में कुल 187 दुग्ध उत्पादक केन्द्र (दुग्ध सहकारी समितियां) गठित थी, जिसमें से 115 कार्यरत एवं 72 बंद है. कार्यरत समितियों की विकासखण्डवार जानकारी परिशिष्ट में † संलग्न है. (ख) निरंक.

शासकीय भूमि पर पावर प्लांट स्थापित करने हेतु बालको द्वारा ली गयी अनुमति

6. ( *क्र. 693) **श्री रविन्द्र चौबे :** क्या मुख्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कोरबा जिले में बालको द्वारा किन-किन खसरा नंबर के कितने रकबे पर पावर प्लांट स्थापना की जा रही है तथा उक्त भू-खण्ड का स्वामित्व किसके नाम पर है ? (ख) शासकीय भूमि पर पावर प्लांट स्थापित करने हेतु क्या बालको द्वारा अनुमति ली गई है ? यदि हां तो, कब अनुमति मांगी गई तथा कब अनुमति दी गई ? (ग) यदि अनुमति नहीं ली गई है, तो शासन द्वारा संयंत्र के खिलाफ कब-कब, क्या कार्यवाही की गई ?

**मुख्य मंत्री** (डॉ. रमन सिंह) **:** (क) से (ग) जानकारी एकत्रित की जा रही है.

† परिशिष्ट "दो"

बस्तर जिले में संचालित छात्रावास/आश्रम भवनों में उपलब्ध सुविधाएं

7. ( *क्र. 363) **श्री बैदूराम कश्यप :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बस्तर जिले में कितने-कितने छात्रावास एवं आश्रम शालाएं पक्के/कच्चे भवनयुक्त/भवनविहीन/किराये के भवन में संचालित हैं ? (विवरण पृथक-पृथक देवें) (ख) संचालित छात्रावास/आश्रम भवन में कितने में पक्का विद्युतीकरण एवं पेयजल सुविधा है ? (ग) क्या सभी छात्रावास/आश्रम में अधीक्षक आवास गृह है ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री केदार कश्यप) **:** (क) जानकारी निम्नानुसार है :—

| क्र. | संस्था का प्रकार | संचालित संस्थाओं के भवनों की स्थिति | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पक्के भवन में | कच्चे भवन में | भवनविहीन (अन्य शासकीय पक्के भवनों में) | किराये के भवन में | योग |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1. | छात्रावास | 85 | - | 62 | - | 147 |
| 2. | आश्रम शाला | 80 | - | 50 | 04 | 134 |
| | **योग** | **165** | - | **112** | **04** | **281** |

(ख) जानकारी निम्नानुसार है :—

| क्र. | संस्था का प्रकार | पक्का विद्युतीकरण-युक्त संस्था | पेयजल सुविधायुक्त संस्था |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | छात्रावास | 83 | 145 |
| 2. | आश्रम | 76 | 128 |
| | **योग** | **159** | **273** |

(ग) जी नहीं.

जिला जांजगीर-चांपा में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना की स्थिति

8. ( *क्र. 1402) **महन्त रामसुन्दर दास :** क्या मुख्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला जांजगीर-चांपा में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना को केन्द्र से कब स्वीकृति प्रदान की गई एवं योजना के लिये कितनी राशि स्वीकृत की गई ? (ख) निर्माण एजेन्सी द्वारा जिले के प्रत्येक विकासखण्ड में कितने-कितने मजरेटोलों का सम्पूर्ण विद्युतीकरण 31 जनवरी, 2010 तक किया गया है ? (ग) उक्त योजना के तहत जिले के समस्त मजरेटोलों को शत प्रतिशत विद्युतीकरण कराने हेतु कब तक का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ?

**मुख्य मंत्री** (डॉ. रमन सिंह) **:** (क) राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजनान्तर्गत जिला जांजगीर-चांपा के विद्युतीकरण कार्य हेतु परियोजना प्रतिवेदन को राशि रुपये 47.48 करोड़ पर केन्द्र द्वारा स्वीकृति दिनांक 21-02-2006 को दी गई. तदुपरांत विद्युतीकरण कार्यों में वृद्धि के कारण अतिरिक्त कार्यों को सम्मिलित कर प्रेषित पुनरीक्षित परियोजना प्रतिवेदन को राशि रुपये 63.99 करोड़, जिनमें 47.48 करोड़ सम्मिलित है, पर केन्द्र द्वारा स्वीकृति दिनांक 09-07-2009 को दी गई. (ख) जांजगीर-चांपा जिले के 09 विकासखंडों में दिनांक 31-01-2010 तक 1423 मजरेटोलों का सम्पूर्ण विद्युतीकरण किया गया है. विकासखण्डवार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शायी गयी है. (ग) योजना में स्वीकृत समस्त मजरेटोलों का शतप्रतिशत विद्युतीकरण किया जा चुका है. विद्युतीकरण हेतु शेष 155 मजरेटोलों के लिए प्रतिवेदन स्वीकृति हेतु भारत सरकार के पास लंबित है. अत: लक्ष्य बताया जाना संभव नहीं है.

† परिशिष्ट "तीन"

## जगदलपुर विकासखण्ड में हैण्डपम्पों की स्थिति

9. ( *क्र. 233) **श्री संतोष बाफना :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) 31-01-2010 की स्थिति में विकासखण्ड जगदलपुर में कितने हैण्डपम्प बंद हैं ? कितने मरम्मत के योग्य हैं ? कितने अयोग्य हो गए हैं ? (ख) क्या सभी हैण्डपंप के साथ चबूतरा निर्माण हुआ है ? यदि नहीं तो चबूतरा निर्माण कब तक किया जाएगा ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** ( श्री केदार कश्यप) **:** (क) विकासखण्ड जगदलपुर में दिनांक 31-01-2010 की स्थिति में 06 हैण्डपम्प बंद है. मरम्मत योग्य निरंक. 06 हैण्डपम्प सुधार अयोग्य है. (ख) जी नहीं. 29 हैण्डपम्पों पर चबूतरा निर्माण कार्य शेष है. चबूतरा निर्माण की निश्चित समयावधि बताया जाना संभव नहीं है. प्रयास है कि कार्य माह मार्च 2010 में पूर्ण कर लिया जावेगा.

## बस्तर जिले में खनिज निरीक्षकों के स्वीकृत एवं रिक्त पद

10. ( *क्र. 1586) **श्री अजीत प्रमोद कुमार जोगी :** क्या मुख्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि बस्तर जिले में खनिज निरीक्षकों के कुल कितने पद स्वीकृत हैं तथा कितने रिक्त हैं ? रिक्त पदों की पूर्ति कब तक की जाएगी ?

**मुख्य मंत्री** ( डॉ. रमन सिंह) **:** बस्तर जिले में खनिज निरीक्षकों के कुल 02 पद स्वीकृत हैं तथा 01 पद रिक्त हैं. रिक्त पदों की पूर्ति हेतु कार्यवाही छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में प्रक्रियाधीन है.

## रायगढ़ जिले के ग्रामों में विद्युतीकरण की स्थिति

11. ( *क्र. 1612) **डॉ. शक्राजीत नायक :** क्या मुख्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायगढ़ जिले के विभिन्न विकासखंडों में 31 मार्च, 2010 तक कितने ग्रामों का विद्युतीकरण किये जाने का लक्ष्य रखा गया है ? (ख) 13-2-10 की स्थिति में कार्य की प्रगति क्या है ?

**मुख्य मंत्री** ( डॉ. रमन सिंह) **:** (क) 31 मार्च, 2010 तक रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ विकासखण्ड के 08 ग्रामों का विद्युतीकरण किये जाने का लक्ष्य है. (ख) दिनांक 13-2-10 तक एक ग्राम कुमा का विद्युतीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है. शेष 07 ग्रामों के विद्युतीकरण का कार्य प्रगति पर है.

## औद्योगिक नीति 2009-14 के नोटिफिकेशन संबंधी

12. ( *क्र. 1787) **श्री परेश बागबाहरा :** क्या मुख्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या नवंबर 2009 में घोषित नई औद्योगिक नीति 2009-14 का नोटिफिकेशन राजपत्र में कर दिया गया है ? यदि हां तो, कौन सी तारीख में ? यदि नहीं तो, कब तक कर दिया जाएगा ? (ख) क्या यह सही है कि धाराओं का नोटिफिकेशन राजपत्र में नहीं होने के कारण उद्योगों को इस नई उद्योग नीति का लाभ नहीं मिल पा रहा है. यदि लाभ मिल रहा है तो उन उद्योगों का नाम बताएं ? (ग) लंबित प्रकरणों का निपटारा कब तक कर दिया जाएगा ?

**मुख्य मंत्री** ( डॉ. रमन सिंह) **:** (क) नवंबर 2009 में घोषित नई औद्योगिक नीति 2009-14 का नोटिफिकेशन राजपत्र में दिनांक 13 नवम्बर 2009 को किया गया है. (ख) धाराओं का नोटिफिकेशन राजपत्र में किये जाने की आवश्यकता नहीं है. औद्योगिक नीति 2009-14 में प्रावधानित अनुदान, छूट एवं रियायतों से संबंधित 19 प्रकरण प्रक्रियाधीन है. प्रक्रियाधीन प्रकरणों के लंबित होने का संबंध अधिसूचनाओं के जारी होने से नहीं है. (ग) औद्योगिक नीति 2009-14 के अंतर्गत प्राप्त प्रकरण प्रक्रियाधीन है. अधिसूचनाओं की शर्तों के अधीन उक्त 19 प्रकरणों का निराकरण यथाशीघ्र किया जायेगा.

## दुर्ग जिले में नदी घाटी योजना के अंतर्गत व्यय राशि

13. ( *क्र. 1289) **श्री भजन सिंह निरंकारी :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दुर्ग जिले में वर्ष 2007-08 एवं 2008-09 में नदी घाटी योजना के अंतर्गत कितनी-कितनी राशि व्यय की गई है ? विकासखण्डवार जानकारी देवें ? (ख) बेमेतरा कृषि अनुविभाग में उक्त योजना के तहत कितने ग्रामों में वृक्षारोपण कार्य में तथा कितने गांव में जलग्रहण संरचना के कितने निर्माण में कितनी-कितनी

राशि व्यय की गई है ? (ग) उक्त योजना के अंतर्गत किये गये वृक्षारोपण में से वर्तमान में कितने पौधे जीवित है ? संपादित जलग्रहण संरचना के कार्यों में से कितने वर्तमान में उपयोगी है ?

**कृषि मंत्री** (श्री चन्द्रशेखर साहू) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में दुर्ग जिले के सिर्फ बेमेतरा विकासखण्ड में नदी घाटी योजनांतर्गत राशि व्यय की गयी है वर्षवार विवरण निम्नानुसार है :—

| विकासखण्ड | व्यय की गई राशि (रु. लाख में) | | |
|---|---|---|---|
| | वर्ष 2007-08 | वर्ष 2008-09 | योग |
| बेमेतरा | 33.999 | 38.00 | 71.999 |

(ख) प्रश्नाधीन अवधि में बेमेतरा कृषि अनुविभाग में उपरोक्त योजनांतर्गत 14 ग्रामों में राशि रु. 11.613 लाख व्यय कर वृक्षारोपण कार्य किया गया, इसी प्रकार 14 ग्रामों में ही राशि रु. 53.231 लाख व्यय कर 123 जलग्रहण संरचनाओं का निर्माण किया गया. (ग) उक्त योजना के अंतर्गत प्रश्नाधीन अवधि में किये गये वृक्षारोपण में से 22,997 पौधे जीवित है. निर्मित जलग्रहण संरचनाओं में से वर्तमान में समस्त संरचनायें उपयोगी है.

## बेमेतरा विधान सभा क्षेत्र में विद्युत पम्प कनेक्शन हेतु लंबित आवेदन

14. (*क्र. 772) **श्री ताम्रध्वज साहू :** क्या मुख्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) 31 दिसम्बर, 2009 की स्थिति में बेमेतरा विधान सभा क्षेत्र में छ.ग.रा.वि. वितरण कंपनी के पास विद्युत पम्पों के कनेक्शन के लिये कितने आवेदन कब से लंबित है ? (ख) लंबित आवेदकों को विद्युत कनेक्शन कब तक प्रदान कर दिया जायेगा ?

**मुख्य मंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) दिनांक 31-12-2009 की स्थिति में बेमेतरा विधान सभा क्षेत्र में विभागीय औपचारिकताएं पूर्ण 395 आवेदन कनेक्शन हेतु लंबित हैं. इन लंबित आवेदनों की माहवार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शायी गयी है. (ख) फरवरी 2010 तक इन 395 आवेदनों में से 169 कनेक्शन हेतु लाईन विस्तार के कार्य पूर्ण हो गये हैं लेकिन संबंधित आवेदकों द्वारा विद्युत कनेक्शन प्राप्त करने के लिए औपचारिकताएं लंबित हैं. शेष 226 आवेदनों के अंतर्गत लाईन विस्तार के कार्य वर्ष 2010-11 में पूर्ण किये जाने का लक्ष्य है. अत: कनेक्शन कब जारी किया जायेगा की जानकारी देना संभव नहीं है.

## औद्योगिक क्षेत्र बोरई हेतु कृषकों की भूमि का अधिग्रहण

15. (*क्र. 1311) **श्रीमती प्रतिमा चन्द्राकर :** क्या मुख्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दुर्ग जिले में बोरई औद्योगिक क्षेत्र हेतु कुल कितने किसानों की कुल कितनी भूमि अधिग्रहित की गई है ? (ख) भूमि अधिग्रहित किसानों के कितने परिवार के सदस्यों को स्थापित उद्योगों में काम पर रखा गया है ?

**मुख्य मंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) दुर्ग जिले में बोरई औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना हेतु ग्राम रसमड़ा के 221 किसानों की कुल 485.86 एकड़ भूमि अधिग्रहित की गई है. (ख) भूमि अधिग्रहित किसानों के परिवार के सदस्यों में से 66 व्यक्तियों को विभिन्न औद्योगिक इकाईयों द्वारा काम पर रखा गया है.

## जिला कोरबा में संचालित छात्रावास, आश्रम, हाईस्कूल व हायर सेकेण्डरी स्कूलों हेतु भवन व्यवस्था

16. (*क्र. 501) **श्री बोधराम कंवर :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कोरबा जिले में विभाग द्वारा संचालित कितने छात्रावास, आश्रम, हाईस्कूल व हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन विहीन है ? विकासखण्डवार जानकारी दें. (ख) वर्तमान में कहां-कहां भवन निर्माणाधीन है ? विकासखण्डवार जानकारी दें.

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री केदार कश्यप) : (क) 40 छात्रावास, 24 आश्रम, 20 हाईस्कूल व 08 हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन विहीन है. विकासखण्डवार जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "अ" पर दर्शित है. (ख) जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "ब" पर दर्शित है.

† परिशिष्ट "चार"

†† परिशिष्ट "पांच"

जिला कोरबा में विद्युत उत्पादन केन्द्रों/कंपनियों को आवंटित कोयला खदानें

17. ( *क्र. 1398) **श्री रामदयाल उइके :** क्या मुख्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कोरबा जिले में कोयला उत्खनन हेतु किन-किन कंपनियों एवं विद्युत उत्पादन केन्द्रों को कोयला खदान आवंटित किया गया है ? विकासखण्डवार जानकारी देवें. (ख) क्या बड़े झाड़ के जंगलों में भी कोयला उत्खनन की कार्यवाही की जा रही है ? यदि हां, तो कहां-कहां ? (ग) वर्ष 2007-08 एवं 2008-09 तथा 2009-10 में भारत सरकार से कोयला उत्खनन हेतु किन-किन कंपनियों को आवंटन दिया गया है ?

**मुख्य मंत्री** (डॉ. रमन सिंह) **:** (क) कोरबा जिले में कोयला खनिज के उत्खनन हेतु अर्द्ध शासकीय एवं निजी कंपनियों को 11 कोल ब्लॉक आवंटित किए गये हैं. विकासखण्डवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" पर दर्शित है. (ख) जी हां. कोरबा जिला में बड़े झाड़ के जंगल क्षेत्र में वन विभाग से अनुमति प्राप्त कर कोयला खनिज के उत्खनन की कार्यवाही की जा रही है. जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" पर दर्शित है. (ग) जानकारी † संलग्न प्रपत्र "स" पर दर्शित है.

भाटापारा विधान सभा क्षेत्र के ग्रामों में स्वीकृत नल जल योजना संबंधी

18. ( *क्र. 1775) **श्री चैतराम साहू :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) भाटापारा विधान सभा क्षेत्र के कुछ ग्रामों में नल जल योजना के तहत सीमेंट पाईप लाईन का उपयोग किया गया है ? (ख) यदि हां तो, क्या इन सीमेंट पाईप लाईन को बदल कर लोहे की पाईप लाईन लगाने की योजना विचाराधीन है ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री केदार कश्यप) **:** (क) जी नहीं. वर्तमान में नलजल योजना के तहत सीमेन्ट पाईप लाईन का उपयोग नहीं किया गया है. वर्ष 2005 तक स्वीकृत योजनाओं में ही सीमेन्ट पाईप लाईन का उपयोग किया गया है. वर्ष 2005 के पश्चात् स्वीकृत योजनाओं में यू.पी.व्ही.सी. पाईप का प्रावधान है. (ख) जी नहीं.

जिला जांजगीर-चांपा में बंधक मुक्त कराए गए मजदूरों को प्रदत्त सुविधाएं

19. ( *क्र. 1650) **श्री नारायण चंदेल :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) 01 अप्रैल, 2008 से मार्च, 2009 तक जिला जांजगीर-चांपा के कितने बंधक मजदूरों को मुक्त कराया गया ? (ख) बंधक मुक्त मजदूरों को पुनर्वास के लिए कौन-कौन सी सुविधायें शासन द्वारा दिये जाने का प्रावधान है तथा मुक्त कराये जा चुके मजदूरों को कौन-कौन सी सुविधायें दी जा चुकी है ?

**कृषि मंत्री** (श्री चन्द्रशेखर साहू) **:** (क) 01 अप्रैल 2008 से मार्च 2009 तक जिला जांजगीर-चांपा के किसी भी बंधक मजदूर को मुक्त नहीं कराया गया. (ख) बंधक मुक्त मजदूरों को भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत प्रति बंधक श्रमिक रुपये 20,000/- पुनर्वास राशि दिये जाने का प्रावधान है, जिसमें केन्द्रांश रुपये 10,000/- एवं राज्यांश रुपये 10,000/- प्रति बंधक श्रमिक सम्मिलित है. बंधक मजदूरों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे-इंदिरा आवास योजना, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत जाबकार्ड, पात्रतानुसार श्रमिकों को 2/- रुपये किलो चावल, मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना का लाभ तथा एकल बत्ती कनेक्शन, राशन कार्ड आदि योजनाओं का लाभ दिया जाता है. रोजगार मूलक व्यवसाय, गाय, भैंस, भेड़, बकरियां तथा दस्तकारी/शिल्प हेतु आवश्यक प्रशिक्षण तथा पूंजी विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्रदाय की जाती है. 01 अप्रैल 2008 से मार्च 2009 तक कोई भी बंधक श्रमिक नहीं होने से सुविधाएं दिये जाने का प्रश्न नहीं उठता.

अटल ज्योति योजनान्तर्गत विद्युत लाईन का विस्तार तथा स्थापित ट्रांसफार्मर

20. ( *क्र. 1739) **श्री नंदकुमार पटेल :** क्या मुख्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में अटल ज्योति योजना किन-किन जिलों में कब से प्रारंभ की गयी है ? (ख) अटल ज्योति योजना कार्य प्रारंभ किये जाने के बाद संबंधित जिलों में कितनी-कितनी के.व्ही. लाईन के लिये कितनी-कितनी लम्बी लाईन बिछाई गई है एवं कितने ट्रांसफार्मर लगाये गये हैं ? जानकारी जिलावार देवें ? (ग) अटल ज्योति योजना के नाम पर राज्य सरकार द्वारा बोर्ड को कितनी-कितनी राशि अनुदान के रूप में दी गयी है ?

---

† परिशिष्ट "छ:"

**मुख्य मंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) प्रदेश में अटल ज्योति योजना 06 जिले यथा रायपुर, धमतरी, दुर्ग, कबीरधाम, बिलासपुर एवं जांजगीर-चांपा में वर्ष 2005-06 से प्रारंभ की गयी है. (ख) अटल ज्योति योजना के अंतर्गत 06 जिलों में 4079 कि.मी. 11 के.व्ही. लाईन एवं 795 कि.मी. निम्न दाब लाईन बिछाई गई है तथा 1960 वितरण ट्रांसफार्मर लगाये गये हैं. जिलावार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शाई गयी है. (ग) राज्य सरकार द्वारा अटल ज्योति योजना के क्रियान्वयन हेतु छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल/छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी को कुल रुपये 125 करोड़ की राशि अनुदान के रूप में दी गई है.

अशासकीय संस्थाओं चयन के मापदण्ड तथा स्वीकृत अनुदान

21. (*क्र. 995) **डॉ. शिवकुमार डहरिया :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) आदिमजाति कल्याण विभाग में किन-किन योजनान्तर्गत कार्य एन.जी.ओ. के माध्यम से कराया जाता है और एन.जी.ओ. चयन के क्या-क्या मापदण्ड निर्धारित हैं ? (ख) वर्ष 2008-09 एवं 2009-10 में किन-किन एन.जी.ओ. को कितना-कितना अनुदान स्वीकृत किया गया है ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री केदार कश्यप) : (क) शैक्षणिक एवं अन्य कल्याणकारी प्रवृत्तियों के लिये अनुदान की योजना अंतर्गत. चयन के मापदण्ड की जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "अ" पर है. (ख) जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "ब" पर है.

रायपुर जिले में बाल श्रमिक रखने के पंजीबद्ध प्रकरणों पर कार्यवाही

22. (*क्र. 1696) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले अंतर्गत 01 जनवरी, 2009 से 31 दिसम्बर, 2009 तक कितने बाल श्रमिक रखने के प्रकरण पंजीबद्ध किये गये ? विकासखण्डवार बतावें. (ख) उक्त समयावधि में पंजीबद्ध प्रकरणों पर क्या कार्यवाही की गई ?

**कृषि मंत्री** (श्री चन्द्रशेखर साहू) : (क) रायपुर जिले अंतर्गत 01 जनवरी, 2009 से 31 दिसम्बर, 2009 तक बाल श्रमिक रखने के प्रकरण पंजीबद्ध नहीं किये गये. (ख) प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

विकासखण्ड तोकापाल, दरभा, बास्तानार एवं लोहण्डीगुडा के कृषकों को बोर उत्खनन एवं मोटर पंप हेतु स्वीकृत अनुदान

23. (*क्र. 364) **श्री बैदूराम कश्यप :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2007-08 एवं 2008-09 में विकासखण्ड तोकापाल, दरभा, बास्तानार एवं लोहण्डीगुडा के कितने कृषकों को बोर उत्खनन एवं मोटर पंप के लिए अनुदान स्वीकृत किया गया ? विकासखण्डवार बतावें ? (ख) स्वीकृत बोर में कितने सफल/असफल हुए ? कितने कृषकों को अनुदान का लाभ दिया जाना शेष है ? लंबित प्रकरणों का निराकरण कब तक किया जावेगा ?

**कृषि मंत्री** (श्री चन्द्रशेखर साहू) : (क) वर्ष 2007-08 एवं 2008-09 में विकासखण्ड तोकापाल, दरभा, बास्तानार एवं लोहण्डीगुडा के 11 कृषकों को बोर उत्खनन एवं 07 कृषकों को मोटर पंप के लिये अनुदान स्वीकृत किया गया है. विकासखण्डवार जानकारी निम्नानुसार है :—

| क्र. | विकासखंड | स्वीकृत अनुदान वर्ष 2007-08 | | स्वीकृत अनुदान वर्ष 2008-09 | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | खनन अनुदान | पम्प अनुदान | खनन अनुदान | पम्प अनुदान | खनन अनुदान | पम्प अनुदान |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 1. | तोकापाल | 4 | 2 | 1 | 0 | 5 | 2 |
| 2. | दरभा | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 | 1 |
| 3. | बास्तानार | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4. | लोहण्डीगुडा | 4 | 3 | 1 | 1 | 5 | 4 |
| | **योग** | **8** | **5** | **3** | **2** | **11** | **7** |

(ख) प्रश्नांश "क" अनुसार स्वीकृत 11 प्रकरणों में से 8 नलकूप सफल एवं 03 असफल है. दिनांक 26-02-2010 की स्थिति में कार्यालय में कोई अनुदान प्रकरण लंबित नहीं है.

† परिशिष्ट "सात" †† परिशिष्ट "आठ"

जगदलपुर वि. स. क्षेत्र में राजीव गांधी राष्ट्रीय विद्युतीकरण योजनान्तर्गत किया गया विद्युतीकरण

24. (*क्र. 234) **श्री संतोष बाफना :** क्या मुख्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2007-08, 2008-09 में जगदलपुर विधान सभा के कितने गांवों एवं मजराटोलों में राजीव गांधी राष्ट्रीय विद्युतीकरण योजनान्तर्गत विद्युतीकरण किया गया है ? (ख) तहसील जगदलपुर जिला बस्तर में वर्ष 2007-08, 2008-09 में कौन-कौन से गांवों में नया अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाया गया है एवं कौन-कौन से गांवों में नया अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाना प्रस्तावित है ?

**मुख्य मंत्री** (डॉ. रमन सिंह) **:** (क) वर्ष 2007-08, 2008-09 में जगदलपुर विधान सभा क्षेत्र के निरंक ग्रामों एवं मजराटोलों में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण (राजीव गांधी राष्ट्रीय विद्युतीकरण नहीं) योजनान्तर्गत विद्युतीकरण किया गया है. (ख) तहसील जगदलपुर जिला बस्तर में वर्ष 2007-08 में जगदलपुर शहर के 03 स्थानों यथा पुलिस कालोनी, निट कम्प्यूटर एवं अनुपमा टाकीज के पास चित्रकोट रोड में प्रत्येक स्थान पर 100 केव्हीए के अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाये गये. वर्ष 2008-09 में निरंक ग्रामों में अतिरिक्त टांसफार्मर लगाये गये. वर्तमान में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाये जाने का कार्य प्रस्तावित नहीं है.

--------------

# नियम 46 ( 2 ) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नोत्तर के रूप में परिवर्तित तारांकित प्रश्नोत्तर

जगदलपुर वि.स. क्षेत्रांतर्गत संचालित पशु औषधालयों में रिक्त पदों की पूर्ति

1. (क्र. 1517) **श्री संतोष बाफना :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बस्तर जिले में जगदलपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कितने पशु औषधालय संचालित हैं ? (ख) संचालित पशु औषधालय में स्टॉफ को स्वीकृत एवं कार्यरत पदों की औषधालयवार जानकारी देवें ? (ग) रिक्त पदों की पूर्ति कब तक की जाएगी ?

**कृषि मंत्री** (श्री चन्द्रशेखर साहू) **:** (क) बस्तर जिले में जगदलपुर विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत 09 पशु औषधालय संचालित हैं. (ख) संचालित 09 पशु औषधालय में स्टॉफ की स्वीकृति एवं कार्यरत पदों की औषधालयवार जानकारी निम्न तालिका अनुसार है :—

| क्र. | पशु औषधालय का नाम | सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी | | | परिचारक | | | स्वच्छकार सह परिचारक (नैमत्तिक) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्वीकृत | कार्यरत | रिक्त | स्वीकृत | कार्यरत | रिक्त | स्वीकृत | कार्यरत | रिक्त |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) |
| 1. | पशु औषधालय, कंगोली | 1 | 1 | – | 1 | 1 | – | 1 | 1 | – |
| 2. | पशु औषधालय, नगरनार | 1 | 1 | – | 1 | 1 | – | 1 | 1 | – |
| 3. | पशु औषधालय, नानगुर | 1 | 1 | – | 1 | 1 | – | 1 | 1 | – |
| 4. | पशु औषधालय, बड़ेमरमा | 1 | – | 1 | 1 | 1 | – | 1 | 1 | – |
| 5. | पशु औषधालय, कालागुड़ा | 1 | – | 1 | 1 | – | 1 | 1 | – | 1 |
| 6. | पशु औषधालय, कुरंदी | 1 | 1 | – | 1 | 1 | – | 1 | – | 1 |
| 7. | पशु औषधालय, कूकानार | 1 | 1 | – | 1 | 1 | – | 1 | 1 | – |
| 8. | पशु औषधालय, ककनार | 1 | 1 | – | 1 | 1 | – | 1 | 1 | – |
| 9. | पशु औषधालय, नेंगानार | 1 | 1 | – | 1 | 1 | – | 1 | 1 | – |
| | **योग** | **09** | **07** | **02** | **09** | **08** | **01** | **09** | **07** | **02** |

(ग) समय-सीमा बताना संभव नहीं है.

-------------

# अतारांकित प्रश्नोत्तर

चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र में नलजल योजना की स्वीकृति

1. (क्र. 374) **श्री बैदूराम कश्यप :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधान सभा क्षेत्र चित्रकोट अंतर्गत किन ग्रामों में कितनी नलजल योजना संचालित है ? 2500 से अधिक जनसंख्या वाले कितने ग्रामों में नलजल योजना नहीं है? नाम सहित जानकारी दें ? (ख) विधान सभा क्षेत्र चित्रकोट अंतर्गत कितने ग्राम पेयजल स्रोतविहीन है ? नाम सहित जानकारी दें ? (ग) विधान सभा क्षेत्र चित्रकोट अंतर्गत वर्ष 2008-09 में किन-किन गांवों के लिये नलजल योजना की स्वीकृति दी गई ? लागत सहित ब्यौरा दें ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री केदार कश्यप) **:** (क) विधान सभा क्षेत्र चित्रकोट अंतर्गत 14 ग्रामों में नलजल योजना संचालित है. † संलग्न प्रपत्र "अ" अनुसार. 2500 से अधिक जनसंख्या वाले 11 ग्रामों में नलजल योजना संचालित नहीं है. † संलग्न प्रपत्र "ब" अनुसार. (ख) चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कोई भी ग्राम पेयजल स्रोतविहीन नहीं है. (ग) विधान सभा क्षेत्र चित्रकोट अंतर्गत वर्ष 2008-09 में 06 ग्रामों के लिये नलजल योजना की स्वीकृति प्रदान की गई है. † संलग्न प्रपत्र "स" अनुसार.

बस्तर जिले के हायर सेकेण्डरी स्कूलों हेतु कम्प्यूटरों का क्रय

2. (क्र. 378) **श्री बैदूराम कश्यप :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बस्तर जिले के अंतर्गत संचालित स्कूलों में 1-1-08 से 31-12-09 तक कितने कम्प्यूटर कितनी-कितनी मात्रा में उपलब्ध कराये गये ? कम्प्यूटर के साथ कौन-कौन सी सामग्री उपलब्ध करायी गयी ? (ख) कम्प्यूटर खरीदी किस स्तर पर की गई ? निविदाओं में से चयनित सामग्री किस-किस कंपनी की तथा प्रत्येक की कीमत क्या है ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री केदार कश्यप) **:** (क) आदिमजाति विकास विभाग द्वारा 14 एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 19 कुल 33 कम्प्यूटर उपलब्ध कराया गया है. कम्प्यूटर के साथ यू.पी.एस., लेजर प्रिंटर, कम्प्यूटर टेबल तथा कम्प्यूटर चेयर उपलब्ध करायी गयी है. (ख) 14 कम्प्यूटरों की खरीदी सहायक आयुक्त द्वारा जिला स्तर पर सी.एस.आई.डी.सी. द्वारा अनुमोदित दर पर की गई है. कंपनी तथा कीमत का विवरण निम्नानुसार है :—

| क्र. (1) | सामग्री का नाम (2) | कंपनी का नाम (3) | स्पेशिफिकेशन (4) | दर प्रति नग (5) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Desktop Computer Intel Pentium Dual Core Proccessor Configuration with Win XP | HCL | C.S.I.D.C. Item Code No. 4 | 27161.00 |
| 2. | Laser Printer (Brand-HP/Canon/ Samsung) Laser Printer Mono 18 P P M. | HP | C.S.I.D.C. Item Code No. 85 | 6864.00 |
| 3. | Line Interactive U.P.S. 05 | Uniline Energy System (P) Ltd. New Delhi | C.S.I.D.C. Item Code No. 18 | 2956.00 |

19 कम्प्यूटर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा राज्य स्तर से क्रय कर जिले को प्रदाय किया गया है.

प्रदेश में कोल बेड मिथेन की उपलब्धता

3. (क्र. 467) **श्री सौरभ सिंह :** क्या मुख्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राज्य में कोल बेड मिथेन के कितनी मात्रा में किन-किन जिलों में है ? (ख) क्या किसी एजेन्सी को इसके उपयोग की अनुमति दी गई है ? यदि हां तो, विस्तारपूर्वक बतावें ?

† परिशिष्ट "नौ"

**मुख्य मंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) राज्य में कोल बेड मिथेन के भण्डार का आंकलन नहीं हुआ है वस्तुत: प्रदेश के कोरिया, सरगुजा, रायगढ़ एवं कोरबा जिले में भारत सरकार, पेट्रोलियम एवं नेचुरल गैस मंत्रालय द्वारा कोल बेड मिथेन की संभावनाओं वाले क्षेत्रों को सीबीएम ब्लॉक के रूप में चिन्हित किया जाकर विभिन्न संस्थानों को एक्सप्लोरेशन कार्य हेतु ब्लॉक आवंटित किये गये हैं, जिनका विवरण † संलग्न परिशिष्ट पर दर्शित है. (ख) राज्य में कोल बेड मिथेन का व्यवसायिक दोहन अब तक प्रारंभ नहीं हुआ है. एक्सप्लोरेशन कार्य हेतु प्रदत्त लाइसेंसों की जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर दर्शित है.

रायपुर एवं जांजगीर-चांपा जिले में संचालित भवनविहीन आश्रम/छात्रावासों हेतु भवन व्यवस्था

4. (क्र. 1009) **डॉ. शिवकुमार डहरिया :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर एवं जांजगीर जिले में कितने विभागीय आश्रम एवं छात्रावास हैं ? कितने शासकीय भवन में संचालित हैं, कितने भवनविहीन हैं ? (ख) भवनविहीन आश्रम एवं छात्रावासों के भवन कब तक स्वीकृत कर दिए जायेंगे ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री केदार कश्यप) : (क) जानकारी निम्नानुसार है :—

| जिला | संचालित संस्था | | शासकीय भवन में संचालित | | भवनविहीन | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | आश्रम | छात्रावास | आश्रम | छात्रावास | आश्रम | छात्रावास |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| रायपुर | 38 | 162 | 29 | 91 | 09 | 71 |
| जांजगीर-चांपा | 18 | 87 | 05 | 43 | 13 | 44 |
| **योग** | **56** | **249** | **34** | **134** | **22** | **115** |

(ख) समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है.

प्रदेश में जिलेवार नलकूप खनन तथा क्रय किए गए रिंग मशीन

5. (क्र. 1295) **श्री भजन सिंह निरंकारी :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2007, 2008 एवं 2009 में कुल कितने नलकूप खनन किये गये ? जिलेवार जानकारी देवें. (ख) वर्ष 2007, 2008 एवं 2009 में कितने रिंग मशीन किस फर्म से, किस दर पर क्रय किये गये ? वर्षवार जानकारी देवें.

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री केदार कश्यप) : (क) वर्ष 2007 में 14877, वर्ष 2008 में 13991 एवं वर्ष 2009 में 13105 इस प्रकार कुल 41973 नलकूप खनन किये गये. जिलेवार जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "अ" अनुसार. (ख) जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "ब" अनुसार.

सरगुजा जिले में कृत्रिम गर्भाधान का लक्ष्य तथा पूर्ति

6. (क्र. 1339) **श्री रविशंकर त्रिपाठी :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष अप्रैल 08 से मार्च 09 तक सरगुजा जिले में कृत्रिम गर्भाधान हेतु विकासखण्डवार कितना लक्ष्य दिया गया था ? (ख) उपरोक्त अवधि में विकासखण्डवार कितने-कितने कृत्रिम गर्भाधान किये गये बतायें ?

**कृषि मंत्री** (श्री चन्द्रशेखर साहू) : (क) जानकारी ‡ संलग्न परिशिष्ट के कालम (3) में है. (ख) जानकारी ‡ संलग्न परिशिष्ट के कालम (4) में है.

† परिशिष्ट "दस" †† परिशिष्ट "ग्यारह" ‡ परिशिष्ट "बारह"

नवीन आदिवासी विकासखण्ड के गठन की प्रक्रिया

7. (क्र. 1510) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) आई.टी.डी.पी. के अंतर्गत नवीन आदिवासी विकासखण्ड के गठन की क्या प्रक्रिया है ? (ख) कंडिका "क" के परिप्रेक्ष्य में क्या जिला जशपुर के कोतबा, और सन्ना नवीन आदिवासी विकासखण्ड बनाए जाने संबंधी प्रस्ताव राज्य शासन के समक्ष विचाराधीन है ? यदि हां तो, कब से ? नए विकासखण्ड का गठन कब तक किया जाएगा ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री केदार कश्यप) : (क) आई.टी.डी.पी. के अंतर्गत नवीन आदिवासी विकासखण्ड के गठन की प्रक्रिया के संबंध में कोई भी निर्देश प्रसारित नहीं किये गये हैं. (ख) जी हां. वर्ष 2003 से. निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है.

दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ भवन/सदन में आरक्षण का मापदण्ड

8. (क्र. 1535) **श्री दूजराम बौद्ध :** क्या मुख्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ भवन और छत्तीसगढ़ सदन में आरक्षण की क्या वरीयता सूची है ? (ख) वर्ष 2009 में कितने दिन विधायकों के लिए आरक्षण दिया गया था तथा कितने दिन अधिकारियों के लिये ? अधिकारियों की वरीयता के आधार से जानकारी बतायें.

**मुख्य मंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) छत्तीसगढ़ भवन अधिवास नियम 2004 के † संलग्न परिशिष्ट के अनुसार आरक्षण की वरीयता सूची है. (ख) वरीयता के आधार से वर्ष 2009 में विधायकों के लिए 457 दिन तथा अधिकारियों के लिए 2500 दिन कक्ष आरक्षित किए गए थे.

अहिवारा विधान सभा क्षेत्र में अवैध पत्थर उत्खनन पर कार्यवाही

9. (क्र. 1677) **श्री डोमन लाल कोर्सेवाड़ा :** क्या मुख्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) अहिवारा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत किस-किस खसरा नं. से कुल कितने रकबे की खदान किस-किस को पत्थर उत्खनन के लिए किस अवधि तक के लिए पट्टे पर दी गयी है ? (ख) क्या उक्त क्षेत्र में वर्ष 2009-10 में पट्टाधारियों सहित अन्य लोगों के द्वारा अवैध उत्खनन की शिकायतें प्राप्त हुई है ? (ग) यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गई है ?

**मुख्य मंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट पर दर्शित है. (ख) हां. (ग) अहिवारा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत वर्ष 2009-10 में खनिज पत्थर/चूनापत्थर के लिए स्वीकृत पट्टेधारियों सहित अन्य लोगों के द्वारा अवैध उत्खनन की शिकायतें प्राप्त नहीं हुई है, अपितु प्रश्नाधीन अवधि के पूर्व ग्राम मेड़ेसरा तहसील धमधा में श्रीमती सीमा सक्सेरिया के विरुद्ध प्राप्त शिकायत पत्र की जांच राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा की गई. जांच सामुहिक रूप से सहा. अधीक्षक-भू अभिलेख, राजस्व निरीक्षक, ग्राम पटवारी, खनिज निरीक्षक एवं खनि सर्वेयर द्वारा की गई एवं श्रीमती सीमा सक्सेरिया निवासी गंजपारा दुर्ग के विरुद्ध ग्राम मेड़ेसरा तहसील धमधा के खसरा नंबर 1014/2, 1011/1 में 15047 मी. टन चूनापत्थर का अवैध उत्खनन का प्रकरण अपर कलेक्टर न्यायालय दुर्ग में प्रस्तुत किया गया. प्रकरण अपर कलेक्टर न्यायालय में विचाराधीन है.

खनिज विभाग में ई.ओ.डब्लू. में पंजीबद्ध अधिकारियों की पदोन्नति संबंधी

10. (क्र. 1683) **डॉ. शिव कुमार डहरिया :** क्या मुख्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) खनिज विभाग के किन-किन अधिकारियों के विरुद्ध ई.ओ.डब्लू. में कार्यवाही लंबित है ? (ख) ई.ओ.डब्लू. में कार्यवाही लंबित रहते हुए कितने अधिकारियों को विभाग द्वारा पदोन्नति प्रदान की गई है ?

**मुख्य मंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) खनिज साधन विभाग के अंतर्गत छ. ग. मिनरल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लि. के श्री पी. एस. यादव, उप महाप्रबंधक (खान) के विरुद्ध एन्टी करप्शन ब्यूरो में प्रकरण क्रमांक 35/2006 दर्ज है. (ख) एक अधिकारी [ श्री पी. एस. यादव, उप महाप्रबंधक (खान) ]

---

† परिशिष्ट "तेरह" †† परिशिष्ट "चौदह"

प्रदेश में रायल्टी चोरी तथा अवैध उत्खनन के दर्ज प्रकरण

11. (क्र. 1684) **डॉ. शिव कुमार डहरिया :** क्या मुख्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दिनांक 01-01-2009 से 31-01-2010 तक प्रदेश में खनिज उत्खनन में रायल्टी चोरी एवं अवैध उत्खनन के कितने प्रकरण दर्ज किये गये हैं ? खनिजवार जानकारी देवें ? (ख) उक्त प्रकरणों पर शासन द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

**मुख्य मंत्री** (डॉ. रमन सिंह) **:** (क) एवं (ख) जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" एवं प्रपत्र "ब" पर दर्शित है.

वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम के तहत लाभान्वित हितग्राही

12. (क्र. 1688) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम के तहत बस्तर, रायपुर संभाग के कितने-कितने हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया ? कितने लोगों को लाभान्वित किया जाना शेष है ? शेष को लाभान्वित कब तक किया जाएगा ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री केदार कश्यप) **:** बस्तर संभाग के 98328 एवं रायपुर संभाग के 38652 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है. किसी भी पात्र हितग्राही को लाभान्वित किया जाना शेष नहीं है.

भाटापारा विधान सभा क्षेत्र में शुद्ध पेयजल व्यवस्था

13. (क्र. 1706) **श्री चैतराम साहू :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) भाटापारा विधान सभा क्षेत्र में शुद्ध पेयजल के कुल कितने बोर हैं ? कितने बोर का पानी पीने योग्य नहीं है ? कितने बोर खराब हैं ? कब तक सुधार लिया जावेगा ? (ख) वर्ष 2009-10 में कितने बोर खोदने का लक्ष्य रखा गया है ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री केदार कश्यप) **:** (क) भाटापारा विधान सभा क्षेत्र में शुद्ध पेयजल के कुल 1823 शासकीय नलकूप (बोर) है. 04 नलकूपों (बोर) का पानी कसैला होने के कारण पीने हेतु उपयोग नहीं किया जा रहा है. वर्तमान में 67 हैण्डपंप (बोर) खराब है. निश्चित समयावधि बताया जाना संभव नहीं है. यथाशीघ्र सुधारने का प्रयास किया जावेगा. (ख) विधान सभा क्षेत्रवार लक्ष्य निर्धारित नहीं होता है. रायपुर जिले हेतु निर्धारित लक्ष्यानुसार भाटापारा विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2009-2010 में 136 नलकूपों (बोर) खनन कार्य प्रस्तावित है.

जिला रायगढ़ के बाल श्रमिक स्कूलों के बच्चों को छात्रवृत्ति एवं अल्प देयकों की जानकारी

14. (क्र. 1747) **श्री नंदकुमार पटेल :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्तमान में रायगढ़ जिला के किन-किन स्थानों में बाल श्रमिक विशेष स्कूल किन-किन संस्थाओं द्वारा केन्द्र सरकार के वित्त पोषण से संचालित है ? स्कूलों में दर्ज छात्र-छात्राओं की संख्या कितनी-कितनी है ? (ख) विभिन्न विकासखण्डों में संचालित बाल श्रमिक विशेष स्कूल के बच्चों को कितनी-कितनी राशि प्रतिमाह छात्रवृत्ति, मध्यान्ह भोजन, शैक्षणिक सामग्री एवं कर्मचारियों के वेतन हेतु उपलब्ध करायी जाती है ? मदवार प्रदाय की जाने वाली राशि की जानकारी देवें ?

**कृषि मंत्री** (श्री चन्द्रशेखर साहू) **:** (क) रायगढ़ जिले में केन्द्र सरकार के वित्त पोषण से 08 विकासखंडों में 07 स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा 12 बाल श्रमिक विशेष स्कूल संचालित है. जिसमें 294 छात्र एवं 306 छात्राएं, कुल 600 बच्चे दर्ज है. (ख) रायगढ़ जिले को राष्ट्रीय बाल श्रमिक परियोजना संचालन हेतु श्रम मंत्रालय भारत से नये बजट प्रावधान अनुसार 50 बच्चे प्रति स्कूल के नाम 2,44,400/- रुपये उपलब्ध कराई जाती है. उक्त राशि में बच्चों को मध्यान्ह भोजन, शैक्षणिक सामग्री, व्यावसायिक प्रशिक्षण सामग्री, स्टेशनरी आदि के साथ उन स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों, लिपिकों, भृत्य का मानदेय एवं स्कूल का भवन किराया, बच्चों की छात्रवृत्ति राशि प्रतिमाह, प्रति छात्र 100/- रुपये की राशि भी शामिल है.

---

† परिशिष्ट "पन्द्रह"

बस्तर विधान सभा क्षेत्र के ग्रामों/मजराटोलों का विद्युतीकरण

15. (क्र. 1750) **डॉ. सुभाऊ कश्यप :** क्या मुख्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बस्तर विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कितने ग्राम, मजराटोलों में विद्युतीकरण नहीं हुआ है ? (ख) वर्ष 2009-2010 में राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के तहत कितने ग्राम, मजराटोलों में विद्युतीकरण किया जा चुका है ? अपूर्ण ग्राम एवं मजराटोलों को कब तक विद्युतीकृत कर लिया जावेगा ?

**मुख्य मंत्री** (डॉ. रमन सिंह) **:** (क)भारत सरकार द्वारा दिनांक 01-04-2004 को ग्रामों के विद्युतीकरण हेतु जारी नई परिभाषा के कारण बस्तर विधान सभा क्षेत्र के 30 ग्राम अविद्युतीकृत पाये गये हैं. वर्ष 1971 की जनगणना रिपोर्ट के पश्चात् की जनगणना रिपोर्टों में मजराटोले की अधिकृत सूची नहीं होने के कारण बस्तर जिले के अविद्युतीकृत मजरेटोलों की संख्या बताया जाना संभव नहीं है. तथापि राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना अंतर्गत स्वीकृत परियोजना प्रतिवेदन में 100 से अधिक जनसंख्या वाले 350 अविद्युतीकृत मजरा-टोलों के विद्युतीकरण कार्य सम्मिलित हैं. (ख) वर्ष 2009-10 में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना अंतर्गत किसी भी ग्राम/मजराटोले का विद्युतीकरण नहीं किया गया है. राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना अंतर्गत जारी किये जाने वाले कार्यादेश में परियोजना प्रतिवेदन सम्मिलित विद्युतीकरण कार्यों को पूर्ण करने हेतु जारी किये जाने वाले आदेश में उक्त आदेश को जारी होने की तिथि से 18 महीने की समय-सीमा रखी गई है.

आई.ए.एस. अधिकारियों के सम्पत्ति का ब्यौरा

16. (क्र. 1764) **श्री मोहम्मद अकबर :** क्या मुख्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या शासन में कार्यरत आई.ए.एस. अधिकारियों द्वारा सम्पत्तियों का ब्यौरा कलेंडर वर्ष में 31 दिसम्बर की स्थिति में प्रस्तुत किए जाने का प्रावधान है ? (ख) यदि हां, तो 1 जनवरी, 2010 की स्थिति में प्रस्तुत ब्योरा किसका-किसका, क्या-क्या है ?

**मुख्य मंत्री** (डॉ. रमन सिंह) **:** (क) जी हां. (ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट पर है.

जिला रायपुर में अटल ज्योति योजना के तहत स्वीकृत राशि तथा निष्पादित कार्य

17. (क्र. 1779) **श्री चैतराम साहू :** क्या मुख्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले में अटल ज्योति योजना के तहत कुल कितनी राशि स्वीकृत है ? दिनांक 20-2-2010 की स्थिति में विकासखण्डवार कितने कि.मी. लाइनों का कार्य किया गया है तथा कितने नग ट्रांसफार्मर लगाये जा चुके हैं ? (ख) कितने ट्रांसफार्मर स्थापित किया जाना एवं कितनी लाईनों का विस्तार किया जाना शेष है ?

**मुख्य मंत्री** (डॉ. रमन सिंह) **:** (क) रायपुर जिले में अटल ज्योति योजना के तहत रुपये 105.45 करोड़ की राशि के कार्य स्वीकृत है. दिनांक 20-02-2010 की स्थिति में रायपुर जिले में 1039 कि.मी. विद्युत वितरण लाईनों का कार्य पूर्ण किया जा चुका है. 404 नग ट्रांसफार्मर लगाये जा चुके हैं. विकासखण्डवार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शाई गई है. (ख) 963 वितरण ट्रांसफार्मर की स्थापना एवं 3110 कि.मी. विद्युत वितरण लाईन विस्तार के कार्य शेष है.

जिला जांजगीर-चांपा में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को प्रदत्त सुविधाएं

18. (क्र. 1790) **श्री नारायण चंदेल :** क्या मुख्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि जिला जांजगीर-चांपा में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की सूची में कितने नाम दर्ज हैं ? स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके आश्रितों को राज्य शासन द्वारा क्या-क्या सुविधाएं एवं कितनी-कितनी सम्मान निधि उपलब्ध कराई जाती है ?

**मुख्य मंत्री** (डॉ. रमन सिंह) **:** जिला जांजगीर-चांपा में 67 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम दर्ज है. राज्य शासन द्वारा भूमिहीन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को शासकीय भूमि आवंटन, स्वतंत्रता संग्राम सैनिक के पुत्र/पुत्रियों एवं पौत्र/पौत्रियों को कृषि, पॉलीटेक्निक, मेडिकल एवं इंजिनियरिंग महाविद्यालय में दाखिले में आरक्षण, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नि:शुल्क चिकित्सा एवं सहायता उपचार एवं गंभीर रोगों की चिकित्सा हेतु आर्थिक सहायता, निजी बसों में एक अटेंडेंट के साथ नि:शुल्क यात्रा, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के प्राथमिकता, गृह निर्माण मंडल द्वारा विकसित खंडों एवं निर्मित भवनों के आवंटन में 4 प्रतिशत आरक्षण आदि सुविधायें स्वतंत्रता संग्राम सैनिकों को उपलब्ध कराई जाती है. स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके आश्रितों को वर्तमान में राज्य शासन द्वारा रुपये 6000/- प्रतिमाह सम्मान निधि प्रदान की जा रही है.

---

† परिशिष्ट "सोलह"

जिला जांजगीर-चांपा में उद्योगों की स्थापना हेतु निष्पादित एम.ओ.यू.

19. (क्र. 1791) **श्री नारायण चंदेल :** क्या मुख्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला जांजगीर-चांपा में उद्योग स्थापित करने के लिए कितनी कम्पनियों के साथ एम.ओ.यू. किया गया है ? कम्पनियों के नाम पते सहित जानकारी देवें ? (ख) एम.ओ.यू. में स्थानीय लोगों को रोजगार एवं क्षेत्रीय विकास में भागीदारी के क्या-क्या प्रावधान किये गये हैं ?

**मुख्य मंत्री** (डॉ. रमन सिंह) **:** (क) राज्य शासन द्वारा नये उद्योग स्थापित करने हेतु सामान्यत: किसी विशेष स्थान के लिए उद्योगों के साथ एम.ओ.यू. नहीं किया जाता है. अपितु एम.ओ.यू. के पश्चात् उद्योगों की स्थापना हेतु निवेशकों द्वारा स्वयं स्थल का चयन किया जाता है. केवल मेसर्स लाफार्ज इंडिया प्रा.लि. द्वारा जिला जांजगीर-चांपा में स्थापित अपने वर्तमान संयंत्र के विस्तार हेतु दिनांक 07-06-2007 को राज्य शासन के साथ एम.ओ.यू. निष्पादित किया गया है. एम.ओ.यू. निष्पादन के पश्चात् जिन निवेशकों द्वारा उद्योग स्थापनार्थ हेतु जांजगीर-चांपा जिले का चयन किया गया है उनकी सूची † संलग्न परिशिष्ट पर दर्शित है. (ख) एम.ओ.यू. की कंडिकाओं में निवेशकों को शासन की औद्योगिक नीति एवं पुनर्वास नीति के तहत स्थानीय लोगों को रोजगार देने तथा क्षेत्रीय विकास का प्रावधान है.

-------------

† परिशिष्ट "सत्रह"

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 03 (क्र. 430) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**प्रश्नांश "क" के अन्तर्गत अकलतरा विधान सभा क्षेत्र में चालू नल जल योजनाओं के गांव की जानकारी**

| क्र. (1) | ग्राम का नाम (2) | विकासखण्ड (3) |
|---|---|---|
| 1. | कोटमीसोनार | अकलतरा |
| 2. | हरदी | अकलतरा |
| 3. | अमोरा | अकलतरा |
| 4. | परसदा | अकलतरा |
| 5. | सोनसरी | अकलतरा |
| 6. | तिलई | अकलतरा |
| 7. | तागा | अकलतरा |
| 8. | किरारी | अकलतरा |
| 9. | पोंडीदल्हा | अकलतरा |
| 10. | नरियरा | अकलतरा |
| 11. | कापन | अकलतरा |
| 12. | जालवपुर | बलौदा |
| 13. | जर्वे (ब) | बलौदा |
| 14. | खिसोरा | बलौदा |
| 15. | पंतोरा | बलौदा |
| 16. | चारपारा | बलौदा |

प्रपत्र "ब"

**प्रश्नांश "ख" के अन्तर्गत अकलतरा विधान सभा क्षेत्र के गांवों में बंद नलजल योजनाओं की जानकारी**

| क्र. (1) | गांव का नाम (2) | विकासखण्ड (3) | बंद का कारण (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | झलमला | अकलतरा | योजना पंचायत को हस्तांतरित है उनके द्वारा नहीं चलाये जाने के कारण बंद है. |
| 2. | पौना | अकलतरा | योजना पंचायत को हस्तांतरित है उनके द्वारा नहीं चलाये जाने के कारण बंद है. |

परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 05 (क्र. 1695) के भाग (क) की जानकारी ]

**जिला अंतर्गत विकासखण्डवार दुग्ध समिति केन्द्र एवं दुग्ध संकलन की जानकारी दिनांक 31-12-09 की स्थिति**

**विकासखण्ड-सरायपाली**

| क्रमांक (1) | समिति का नाम (2) | सदस्य संख्या (3) | औसत दुग्ध संकलन (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | अमलीडीपा | 30 | 201 |
| 2. | केदुवा | 85 | 60 |
| 3. | बिजातीपाली | 56 | 84 |
| 4. | जलपुर | 44 | 104 |
| 5. | पाटसेन्द्री | 90 | 220 |
| 6. | गिरसा | 30 | 18 |
| 7. | बोंदानवापाली | 75 | 143 |
| 8. | अमरकोट | 35 | 22 |
| 9. | बाराडोली | 20 | 76 |
| 10. | जोगनीपाली | 10 | 25 |
| 11. | सिरपुर | 16 | 17 |
| 12. | मुड़पहार | 12 | 31 |
| 13. | दर्राभाठा | 30 | 89 |
| 14. | बिरकोल | 30 | 20 |
| 15. | सानपंथी | 17 | 50 |
| 16. | चंडीभौना | 27 | 48 |
| 17. | अंतरझोला | 10 | 53 |
| 18. | तिलाईपाली | 25 | 31 |
| 19. | दुलारपाली | 49 | 49 |
| 20. | गहनाखार | 75 | 231 |
| 21. | केना | 38 | 200 |
| 22. | दमोदरहा | 38 | 40 |
| 23. | केजुवा | 40 | 93 |
| 24. | तोसगांव | 40 | 23 |
| 25. | परसदा | 43 | 100 |
| 26. | लिमगांव | 30 | 77 |
| 27. | कुटेला | 25 | 74 |
| 28. | दर्रीपाली | 10 | 64 |
| 29. | सिंघोदा | 10 | 12 |
| 30. | बेलमुंडी | 32 | 25 |
| 31. | मुधा | 59 | 39 |
| 32. | केदूढार | 25 | 61 |
| 33. | नवापाली | 27 | 55 |
| | **कुल** | **1183** | **2435** |

**विकासखण्ड-पिथौरा**

| क्रमांक (1) | समिति का नाम (2) | सदस्य संख्या (3) | औसत दुग्ध संकलन (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | लावामोहा | 25 | 14 |
| 2. | पिरदा | 75 | 36 |
| 3. | राजपुर | 25 | 35 |
| 4. | गिर्रा | 31 | 16 |
| 5. | लालमाटी | 23 | 49 |
| 6. | कुदेकेल | 26 | 26 |
| 7. | सोनासिल्ली | 42 | 43 |
| 8. | भिथिडीह | 35 | 21 |
| 9. | लोहारीडोंगरी | 28 | 36 |
| 10. | टेका | 28 | 52 |
| 11. | डोंगरीपाली | 43 | 90 |
| 12. | टप्पा | 81 | 640 |
| 13. | बोरीलामी | 10 | 39 |
| 14. | बुंदेली | 10 | 25 |
| 15. | सरकदा | 22 | 48 |
| 16. | खपराखोल | 31 | 48 |
| 17. | ठाकुरदिया | 36 | 87 |
| 18. | गोड़बहाल | 51 | 257 |
| 19. | छिबर्रा | 45 | 22 |
| 20. | अर्जुनी | 76 | 125 |
| 21. | जम्हर | 61 | 102 |
| 22. | खुटेरी | 81 | 361 |
| 23. | कौहाकुड़ा | 146 | 442 |
| 24. | दुरुगपाली | 62 | 45 |
| 25. | बेलर | 35 | 33 |
| 26. | कुम्हारीमुड़ा | 38 | 36 |
| 27. | घोघरा | 39 | 42 |
| 28. | घोंच | 25 | 28 |
| 29. | गड़बेड़ा | 68 | 161 |
| 30. | कसहीबहरा | 61 | 198 |
| 31. | भैरोपुर | 52 | 259 |
| 32. | जामजुड़ा | 25 | 40 |
| 33. | तिलंजपुर | 33 | 86 |
| 34. | थोडरकसा | 18 | 40 |
| | **कुल** | **1487** | **3582** |

**विकासखण्ड-बसना**

| क्रमांक | समिति का नाम | सदस्य संख्या | औसत दुग्ध संकलन |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | गरगांव | 49 | 90 |
| 2. | दलदली | 30 | 14 |
| 3. | चनाट | 25 | 21 |
| 4. | लिमदरहा | 27 | 41 |
| 5. | अजगरखार | 67 | 124 |
| 6. | दालम | 25 | 21 |
| 7. | आमापाली | 23 | 63 |
| 8. | अकोरी | 20 | 22 |
| 9. | बारगांव | 25 | 55 |
| 10. | छांदनपुर | 49 | 100 |
| 11. | चिमेरकेल | 26 | 10 |
| 12. | बेंदारी | 32 | 23 |
| 13. | कोईलारीडीह | 30 | 109 |
| 14. | कामधेनू | 20 | 113 |
| 15. | बड़ेसाजापाली | 20 | 66 |
| 16. | उड़ेला | 27 | 182 |
| 17. | कर्राभौना | 33 | 114 |
| 18. | दुर्गापाली | 22 | 47 |
| 19. | लंबर | 32 | 57 |
| 20. | कहवाकुड़ा | 38 | 65 |
| 21. | पिपरखुटा | 40 | 48 |
| 22. | सिंघनपुर | 121 | 258 |
| 23. | गौरटेक | 46 | 92 |
| 24. | बोहारपार | 36 | 52 |
| 25. | बरपेलाडीह | 16 | 31 |
| 26. | बीरसिंगपाली | 38 | 28 |
| | **कुल** | **917** | **1846** |

**विकासखण्ड-महासमुंद**

| क्रमांक | समिति का नाम | सदस्य संख्या | औसत दुग्ध संकलन |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | खट्टा | 18 | 41 |
| 2. | ढांक | 47 | 93 |
| 3. | छिलपावन | 87 | 267 |
| 4. | नरतोरा | 93 | 202 |
| 5. | गोडपाली | 61 | 123 |
| 6. | गोंगल | 83 | 228 |
| 7. | बावनकेरा | 74 | 67 |
| 8. | नवागांव | 46 | 33 |
| 9. | अचानकपुर | 54 | 65 |
| 10. | खिरसाली | 38 | 31 |
| 11. | डूमरपाली | 42 | 54 |
| 12. | सरेकेल | 67 | 60 |
| 13. | रामपुर | 41 | 44 |
| 14. | बाराकुड़ा | 26 | 37 |
| 15. | बंदोरा | 36 | 48 |
| 16. | पीढ़ी | 18 | 37 |
| 17. | परसाडीह | 18 | 25 |
| 18. | बरेकेल | 37 | 51 |
| 19. | पाली | 48 | 74 |
| | **कुल** | **934** | **1580** |

**विकासखण्ड-बागबाहरा**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | सम्हर | 50 | 51 |
| 2. | बी. के. बहरा | 109 | 49 |
| 3. | कोमा | 44 | 64 |
| | **कुल** | **203** | **164** |
| | **महायोग** | **4724** | **9607** |

**गोसवारा जिला-महासमुंद**

| क्रमांक | विकासखण्ड | दुग्ध समितियां | सदस्य संख्या | औसत दुग्ध संकलन |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | महासमुंद | 19 | 934 | 1580 |
| 2. | बसना | 26 | 917 | 1846 |
| 3. | पिथौरा | 34 | 1487 | 3582 |
| 4. | सरायपाली | 33 | 1183 | 2435 |
| 5. | बागबाहरा | 3 | 203 | 164 |
| | **कुल योग** | **115** | **4724** | **9607** |

परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 08 (क्र. 1402) के भाग (ख) की जानकारी ]

**जांजगीर-चांपा जिले के विकासखण्डवार विद्युतीकृत किए गए मजराटोलों की संख्या**

| क्रमांक | विकासखण्ड का नाम | सम्पूर्ण/सघन विद्युतीकृत किये गये मजराटोला की संख्या | | |
|---|---|---|---|---|
| | | विद्युतीकृत मजराटोलों की संख्या | अविद्युतीकृत मजराटोलों की संख्या | कुल विद्युतीकृत मजराटोलों की संख्या |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | अकलतरा | 91 | 01 | 92 |
| 2. | पामगढ़ | 84 | 05 | 89 |
| 3. | बलौदा | 115 | 08 | 123 |
| 4. | नवागढ़ | 121 | 03 | 124 |
| 5. | बम्हनीडीह | 119 | 0 | 119 |
| 6. | सक्ती | 237 | 11 | 248 |
| 7. | मालखरौदा | 157 | 05 | 162 |
| 8. | जैजेपुर | 136 | 44 | 180 |
| 9. | डभरा | 220 | 66 | 286 |
| | **योग** | **1280** | **143** | **1423** |

परिशिष्ट "चार"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 14 (क्र. 772) के भाग (क) की जानकारी ]

**दिनांक 31-12-2009 की स्थिति में बेमेतरा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत पंप कनेक्शन के लिए लंबित आवेदनों की माहवार जानकारी**

| क्रमांक (1) | माह (2) | आवेदनों की संख्या (3) |
|---|---|---|
| 1. | जनवरी 2009 | 02 |
| 2. | फरवरी 2009 | 07 |
| 3. | मार्च 2009 | 07 |
| 4. | अप्रैल 2009 | 26 |
| 5. | मई 2009 | 10 |
| 6. | जून 2009 | 41 |
| 7. | जुलाई 2009 | 58 |
| 8. | अगस्त 2009 | 89 |
| 9. | सितम्बर 2009 | 61 |
| 10. | अक्टूबर 2009 | 41 |
| 11. | नवम्बर 2009 | 26 |
| 12. | दिसम्बर 2009 | 27 |
| | **योग** | **395** |

परिशिष्ट "पांच"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 16 (क्र. 501) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**कोरबा जिला में आदिमजाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित भवनविहीन छात्रावास, आश्रम, हाईस्कूल एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की जानकारी**

| क्र. (1) | वि.ख. (2) | भवनविहीन संस्था का नाम (3) |
|---|---|---|
| 1. | कोरबा | 1. प्री. मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास, मदनपुर |
| | | 2. प्री. मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास, कोरकोमा |
| | | 3. प्री. मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास, गोढ़ी |
| | | 4. प्री. मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास, कोरकोमा |
| | | 5. प्री. मैट्रिक अनु.जाति कन्या छात्रावास, कुदुरमाल |
| | | 6. पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास, कोरबा |
| 2. | करतला | 7. प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास, कोथारी |
| | | 8. प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास, फततेगंज |
| | | 9. प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास, करतला |
| | | 10. प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास, नोनबिर्रा |
| | | 11. प्री. मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास, नवापारा |
| | | 12. प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास, नोनदरहा |
| | | 13. प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास, लबेद |
| | | 14. प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास, जर्वे |
| | | 15. प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास, सुखरीकला |
| | | 16. प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास, सेन्द्रीपाली |
| | | 17. प्री मैट्रिक अनु. जाति बालक छात्रावास, करतला |
| | | 18. पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास, करतला |
| 3. | कटघोरा | 19. प्री मैट्रिक अनु. जाति कन्या छात्रावास, अरदा |
| | | 20. प्री मैट्रिक अनु. जाति कन्या छात्रावास, कटघोरा |
| | | 21. पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास, कटघोरा |
| 4. | पाली | 22. प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास, चैतमा |
| | | 23. प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास, सिल्ली |
| | | 24. प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास, कर्रानवापारा |
| | | 25. प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास, उतरदा |
| | | 26. प्री मैट्रिक अनु. जाति कन्या छात्रावास, कोरबीधतूरा |
| | | 27. प्री मैट्रिक अनु. जाति बालक छात्रावास, हरदीबाजार |
| | | 28. पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास, पाली |
| 5. | पोड़ीउपरोड़ा | 29. प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास, पोड़ीउपरोड़ा |
| | | 30. प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास, पोड़ीउपरोड़ा |

| (1) | (2) | (3) |
|---|---|---|
| | | 31. प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास, जल्के |
| | | 32. प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास, लैंगा |
| | | 33. प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास, लैंगी |
| | | 34. प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास, माचाडोली |
| | | 35. प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास, सेन्हा |
| | | 36. प्री मैट्रिक अनु.जाति कन्या छात्रावास, कोरबी |
| | | 37. प्री मैट्रिक अनु. जाति कन्या छात्रावास, सिंघिया |
| | | 38. प्री मैट्रिक अनु. जाति कन्या छात्रावास, पसान |
| | | 39. प्री मैट्रिक अनु. जाति कन्या छात्रावास, पोड़ीउपरोड़ा |
| | | 40. पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास, पोड़ीउपरोड़ा |

| क्र. (1) | वि.ख. (2) | | भवनविहीन संस्था का नाम (3) |
|---|---|---|---|
| 1. | कोरबा | 1. | आदिवासी कन्या आश्रम, सतरेंगा |
| | | 2. | आदिवासी कन्या आश्रम, धनगांव |
| | | 3. | आदिवासी कन्या आश्रम, चुईया |
| | | 4. | आदिवासी संयुक्त आश्रम, देवपहरी |
| 2. | करतला | 5. | आदिवासी कन्या आश्रम, मदवानी |
| | | 6. | आदिवासी बालक आश्रम, ढोढातराई |
| | | 7. | आदिवासी संयुक्त आश्रम, बरपाली |
| 3. | कटघोरा | 8. | आदिवासी बालक आश्रम, स्याहीमुडी |
| | | 9. | आदिवासी बालक आश्रम, मोगरा |
| 4. | पाली | 10. | आदिवासी बालक आश्रम, उडता |
| | | 11. | आदिवासी बालक आश्रम, जेमरा |
| | | 12. | आदिवासी बालक आश्रम, सपलवा |
| | | 13. | आदिवासी बालक आश्रम, सिल्ली |
| | | 14. | आदिवासी कन्या आश्रम, हरदीबाजार |
| | | 15. | बिझंवार (आदिवासी) बालक आश्रम, हरदीबाजार |
| 5. | पोड़ीउपरोड़ा | 16. | आदिवासी कन्या आश्रम, लेंगा |
| | | 17. | आदिवासी कन्या आश्रम, सिंघिया |
| | | 18. | आदिवासी कन्या आश्रम, मातिन |
| | | 19. | आदिवासी कन्या आश्रम, पाली |
| | | 20. | आदिवासी कन्या आश्रम, मेरई |
| | | 21. | आदिवासी बालक आश्रम, अरसिंया |
| | | 22. | आदिवासी बालक आश्रम, राहा |
| | | 23. | आदिवासी बालक आश्रम, तुमान |
| | | 24. | आदिवासी संयुक्त आश्रम, सिर्री |

| क्र. (1) | वि.ख. (2) | भवनविहीन संस्था का नाम (3) | |
|---|---|---|---|
| 1. | कोरबा | 1. | हाईस्कूल कन्या, भैसमा |
| | | 2. | हाईस्कूल कन्या, उरगा |
| 2. | करतला | 3. | हाईस्कूल, फततेगंज |
| 3. | कटघोरा | 4. | हाईस्कूल, ढेलवाडीह |
| | | 5. | हाईस्कूल, घुडदेवा |
| | | 6. | हाईस्कूल, डोंगरी |
| | | 7. | हाईस्कूल, बल्गीखार |
| | | 8. | हाईस्कूल, गोपालपुर |
| 4. | पाली | 9. | हाईस्कूल, परसदा |
| | | 10. | हाईस्कूल, नोनबिर्रा |
| | | 11. | हाईस्कूल, आमगांव |
| | | 12. | हाईस्कूल, बोईदा |
| | | 13. | हाईस्कूल कन्या, पाली |
| | | 14. | हाईस्कूल, बतरा |
| 5. | पोड़ीउपरोड़ा | 15. | हाईस्कूल, तानाखार |
| | | 16. | हाईस्कूल, लमना |
| | | 17. | हाईस्कूल, मड़ई |
| | | 18. | हाईस्कूल, घरीपखना |
| | | 19. | हाईस्कूल कन्या, पसान |
| | | 20. | हाईस्कूल, लोड़ीबहरा |
| 1. | करतला | 1. | उच्चतर माध्यमिक शाला, कोथारी |
| | | 2. | उच्चतर माध्यमिक शाला, बोतली |
| | | 3. | उच्चतर माध्यमिक शाला, तुमान |
| 2. | कटघोरा | 4. | उच्चतर माध्यमिक शाला, दीपका |
| 3. | पाली | 5. | उच्चतर माध्यमिक शाला, चैतमा |
| | | 6. | उच्चतर माध्यमिक शाला, उतरदा |
| | | 7. | उच्चतर माध्यमिक शाला, नुनेरा |
| | | 8. | उच्चतर माध्यमिक शाला, पोड़ीलाफा |

प्रपत्र "ब"

**कोरबा जिला में निर्माणाधीन छात्रावास, आश्रम, हाईस्कूल एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवनों की जानकारी**

| क्र. (1) | वि.ख. (2) | संस्था का नाम (3) |
|---|---|---|
| 1. | कोरबा | 1. प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास, कोरकोमा<br>2. आदिवासी संयुक्त आश्रम, देवपहरी |
| 2. | करतला | 1. प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास, सेन्द्रीपाली<br>2. आदिवासी संयुक्त आश्रम, बरपाली<br>3. उच्चतर माध्यमिक शाला, बोतली<br>4. उच्चतर माध्यमिक शाला, तुमान |
| 3. | कटघोरा | 1. प्री मैट्रिक अनु. जाति कन्या छात्रावास, कटघोरा<br>2. उच्चतर माध्यमिक शाला, दीपका |
| 4. | पाली | 1. प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास, उतरदा<br>2. प्री मैट्रिक अनु. जाति बालक छात्रावास, हरदीबाजार<br>3. आदिवासी बालक आश्रम, सिल्ली<br>4. आदिवासी कन्या आश्रम, हरदीबाजार<br>5. बिझंवार (आदिवासी) बालक आश्रम, हरदीबाजार<br>6. उच्चतर माध्यमिक शाला, चैतमा<br>7. उच्चतर माध्यमिक शाला, उतरदा<br>8. उच्चतर माध्यमिक शाला, नुनेरा<br>9. उच्चतर माध्यमिक शाला, पोड़ीलाफा |
| 5. | पोड़ीउपरोड़ा | 1. प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास, पोड़ीउपरोड़ा<br>2. प्री मैट्रिक अनु. जाति कन्या छात्रावास, पोड़ीउपरोड़ा<br>3. आदिवासी कन्या आश्रम, सिंघिया<br>4. आदिवासी कन्या आश्रम, मातिन<br>5. आदिवासी कन्या आश्रम, पाली<br>6. आदिवासी कन्या आश्रम, मेरई<br>7. आदिवासी बालक आश्रम, अरसिंया<br>8. आदिवासी बालक आश्रम, राहा<br>9. आदिवासी बालक आश्रम, तुमान<br>10. आदिवासी संयुक्त आश्रम, सिर्री |

## परिशिष्ट "छ:"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 17 (क्र. 1398) के भाग (क), (ख) एवं (ग) की जानकारी ]

### प्रपत्र "अ"

| क्र. | विकासखण्ड का नाम | आवंटिती कंपनी का नाम | आवंटित कोल ब्लॉक | आवेदित रकबा | खनि रियायत का प्रकार, जिसके लिए ब्लॉक आवंटित है |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | पोड़ी-उपरोड़ा | प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमिटेड | चोटिया-I एवं II | 1179.826 हे. | खनिपट्टा |
| 2. | पोड़ी-उपरोड़ा | मध्यप्रदेश राज्य खनिज निगम, रायपुर. | मोरगा-I | 15 वर्ग किमी | पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति |
| 3. | पोड़ी-उपरोड़ा | गुजरात मिनरल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड | मोरगा-II | 21 वर्ग किमी. | पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति |
| 4. | पोड़ी-उपरोड़ा | छ. ग. राज्य विद्युत मंडल डंगनिया, रायपुर | गिदमुरी एवं पतुरिया | 2346.60 हे. | खनिपट्टा |
| 5. | पोड़ी-उपरोड़ा | मदनपुर (नार्थ) कोल कंपनी प्रा. लि., रायपुर | मदनपुर (नार्थ) | 2138.70 हे. | खनिपट्टा |
| 6. | पोड़ी-उपरोड़ा | मदनपुर (साऊथ) कोल कंपनी प्रा. लि., रायपुर | मदनपुर (साऊथ) | 713.952 हे. | खनिपट्टा |
| 7. | पोड़ी-उपरोड़ा | म. प्र. राज्य खनिज निगम, भोपाल | मोरगा-IV | 06 वर्ग कि.मी. | पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति |
| 8. | पोड़ी-उपरोड़ा | म. प्र. राज्य खनिज निगम, भोपाल | मोरगा-III | 06 वर्ग कि.मी. | पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति |
| 9. | कोरबा | मे. छ. ग. केप्टिव कोल माइनिंग लि., रायपुर | नाकिया-1 एवं 2 | 2551.476 हे. | खनिपट्टा |
| 10. | कोरबा | मे. ए. ई. एस. छ. ग. एनर्जी प्रा. लि. | सयांग | 1001 हे. | पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति |
| 11. | कोरबा | मे. राठी स्टील एण्ड पावर लिमि., नई दिल्ली. | केशला नार्थ | 7.5 वर्ग कि.मी. | खनिपट्टा |

## प्रपत्र "ब"

| क्र. (1) | स्थान/ग्राम का नाम (2) | रकबा (हेक्टर में) (3) | रिमार्क (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | चोटिया | 193.115 | प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमिटेड |
| 2. | लालपुर | 14.608 | प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमिटेड |
| 3. | पोड़ी | 11.218 | प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमिटेड |
| 4. | बनिया | 15.939 | प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमिटेड |
| 5. | रानीअटारी | 3.763 | साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड |
| 6. | अमगांव | 41.962 | साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड |
| 7. | पोड़ी | 33.076 | साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड |
| 8. | रलिया | 16.605 | साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड |
| 9. | मलगांव | 0.753 | साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड |
| 10. | बरेली | 157.253 | साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड |
| 11. | घाटमुड़ा | 83.029 | साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड |
| 12. | बिंझरा | 61.763 | साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड |
| 13. | जुनाडीह | 94.470 | साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड |
| 14. | झाबर | 5.704 | साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड |
| 15. | सिरकी | 212.634 | साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड |
| 16. | दीपका | 64.127 | साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड |
| 17. | सुवाभोड़ी | 37.349 | साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड |
| 18. | झिंगटपुर | 13.154 | साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड |
| 19. | चैनपुर | 47.887 | साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड |
| 20. | रतिजा | 34.405 | साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड |
| 21. | रैंकी | 22.348 | साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड |
| 22. | बेलटीकरी | 23.522 | साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड |
| 23. | कुसमुण्डा | 243.770 | साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड |
| 24. | ढेलवाडीह | 2.825 | साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड |
| 25. | अभयपुर | 37.697 | साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड |
| 26. | ढबढब | 16.997 | साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड |
| 27. | सिंघाली | 16.100 | साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड |
| 28. | भेजीनाला | 128.308 | साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड |
| 29. | अरदा | 147.605 | साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड |
| 30. | हर्राभाठा | 3.763 | साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड |
| 31. | लखनपुर | 50.652 | साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड |
| 32. | विजयपुर | 210.101 | साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड |
| 33. | डोकरीखार | 36.855 | साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड |
| 34. | ढुरेना | 62.670 | साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड |
| 35. | भिलाई | 31.758 | साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड |
| 36. | विश्रामपुर | 98.821 | साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड |
| 37. | दादर | 2.007 | साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड |
| 38. | उदयडीह | 2.444 | साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड |
| 39. | भिलाई | 108.747 | साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड |
| 40. | कुदरीडांड | 9.398 | साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड |

प्रपत्र "स"

**वर्ष 2007-08, 2008-09 तथा 2009-10 में भारत सरकार द्वारा कोयला उत्खनन हेतु आवंटित कंपनियों की जानकारी**

**वर्ष 2007-08**

| स. क्र. | कोल ब्लॉक्स का नाम | कोल ब्लॉक्स आवंटित कम्पनी का नाम | कोयला मंत्रालय का आवंटन आदेश दिनांक |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | परसा (ईस्ट) एवं कांटेबासन जिला सरगुजा. | मे. राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम, जयपुर | दिनांक 25-6-07 |
| 2. | तराईमाल/दुर्गापुर-II जिला रायगढ़. | मे. भारत एल्युमिनियम कम्पनी लिमिटेड | दिनांक 06-11-07 |
| 3. | सेयांग, जिला कोरबा | मे. एईएस छ.ग. एनर्जी लि., नई दिल्ली | दिनांक 06-11-07 |
| 4. | सोडिया, जिला सरगुजा | छत्तीसगढ़ मिनरल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन | दिनांक 25-7-2007 |
| 5. | दुर्गापुर/सरिया जिला रायगढ़ | मे. डीबी पावर लिमिटेड, भोपाल | दिनांक 6-11-07 |
| 6. | मोरगा-III, जिला कोरबा | म. प्र. स्टेट माइनिंग कार्पोरेशन, भोपाल | दिनांक 25-7-2007 |
| 7. | मोरगा-IV, जिला कोरबा | म. प्र. स्टेट माइनिंग कार्पोरेशन, भोपाल | दिनांक 25-7-2007 |
| 8. | शंकरपुर (भटगांव-II) जिला सरगुजा. | मेसर्स छत्तीसगढ़ मिनरल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लि. सोनाखान भवन, रायपुर. | दिनांक 25-7-2007 |
| **वर्ष 2008-09** | | | |
| 1. | फतेहपुर ईस्ट, जिला सरगुजा | मे. फतेहपुर ईस्ट कोल कंपनी लिमिटेड | दिनांक 22-1-2008 |
| 2. | भास्कर पारा, जिला सरगुजा | मे. भास्कर पारा कोल कंपनी लि., रायपुर | दिनांक 21-11-2008 |
| 3. | गारे पेलमा, सेक्टर-III, जिला रायगढ़. | मेसर्स गोवा इन्डस्ट्रीयल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड पणजी, गोवा. | दिनांक 12-11-2008 |
| 4. | केसला नार्थ, जिला कोरबा | मेसर्स राठी उद्योग लिमिटेड, नई दिल्ली | दिनांक 5-8-2008 |
| 5. | दतिमा, जिला कोरिया | 1. बिनानी सीमेंट लि. | दिनांक 5-9-2008 |
| 6. | फतेहपुर, जिला रायगढ़ | 1. मेसर्स एस.के.एस. इस्पात एण्ड पॉवर लि.<br>2. प्रकाश इण्डस्ट्रीज लि. | दिनांक 6-2-2008 |
| **वर्ष 2009-10** | | | |
| 1. | रजगामार डीप साईड (साऊथ आफ फुल्काडीह नाला) जिला कोरबा. | 1. मेसर्स मोनेट इस्पात एण्ड एनर्जी लि. रायपुर<br>2. मेसर्स टापवर्थ स्टील प्रा. लि. रसमड़ा दुर्ग | दिनांक 3-6-2009 |
| 2. | पेण्ड्राखी पूटा, परोगिया | मे. अकलतरा पॉवर लि. नई दिल्ली | दिनांक 9-9-2009 |

## परिशिष्ट "सात"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 20 (क्र. 1739) के भाग (ख) की जानकारी ]

**अटल ज्योति योजना के अन्तर्गत प्रदेश में पूर्ण किये गये लाईन विस्तार एवं ट्रांसफार्मर स्थापना की जिलेवार जानकारी**

| क्र. | जिले का नाम | 11 के.व्ही. लाईन (कि.मी. में) | निम्न दाब लाईन (कि. मी. में) | स्थापित किये गये ट्रांसफार्मरों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | रायपुर | 982 | 57 | 404 |
| 2. | धमतरी | 694 | 227 | 427 |
| 3. | दुर्ग | 2336 | 488 | 1082 |
| 4. | कबीरधाम | 12 | 1 | 6 |
| 5. | बिलासपुर | 41 | 20 | 31 |
| 6. | जांजगीर-चांपा | 14 | 2 | 10 |
| | **योग** | **4079** | **795** | **1960** |

## परिशिष्ट "आठ"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 21 (क्र. 995) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

## प्रपत्र "अ"

**अनुदान स्वीकृति की प्रारंभिक शर्तें :—**

1. अधिकार के रूप में अनुदान सहायता हेतु दावा नहीं किया जा सकेगा.

2. अनुदान सहायता इन नियमों एवं इस प्रसंग द्वारा समय-समय पर विनिर्दिष्ट शर्तों के अधीन होगी.

3. अनुदान सहायता हेतु केवल ऐसी संस्था आवेदन हेतु पात्र होगी :—

(i) जो राज्य में अनुसूचित जनजातियों एवं अनुसूचित जातियों के आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं/अथवा शैक्षणिक उत्थान संबंधी गतिविधियों में रत हों.

(ii) जो तत्समय प्रवृत्त विधि या विधियों के अधीन आवेदन तिथि से 5 वर्ष पूर्व पंजीकृत हो तथा आवेदन तिथि को जिसका पंजीयन जीवित हो.

(iii) संस्था, जिस वर्ग (अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति) के लिये कार्य करना चाहती है तो उस वर्ग का न्यूनतम 50 प्रतिशत सदस्य संस्था के प्रबंध कारिणी में होना चाहिये तथा उनमें से न्यूनतम 3 सदस्य संस्था के पदाधिकारी भी होना आवश्यक होगा.

(iv) शैक्षणिक उत्थान की गतिविधि संचालित करने वाली वह संस्था :—

(अ) जिसके द्वारा संचालित प्रवृत्ति या प्रवृत्तियां सक्षम स्तर से मान्यता प्राप्त हो.

(ब) "जिसके द्वारा संचालित प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में कुल दर्ज संख्या के 60 प्रतिशत होना चाहिए परन्तु अनुसूचित जनजाति एवं/अथवा अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों की संख्या प्रत्येक कक्षा में कक्षा के मानक आकार का 60 प्रतिशत से अन्यून होनी चाहिए."

"जिसके द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल में कुल दर्ज संख्या का 50 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति एवं/अथवा अनुसूचित जाति के विद्यार्थी होना चाहिए, परन्तु अनुसूचित जनजाति एवं/अथवा अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों की संख्या प्रत्येक कक्षा में 50 से अन्यून होनी चाहिए."

(स) "जिसके द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल में कुल दर्ज संख्या का 50 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति एवं/अथवा अनुसूचित जाति के विद्यार्थी होना चाहिए परन्तु अनुसूचित जनजाति एवं/अथवा अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों की संख्या प्रत्येक कक्षा में कक्षा के मानक आकार का 50 प्रतिशत से अन्यून होनी चाहिए."

(द) छात्रावास एवं आश्रम में कुल दर्ज विद्यार्थियों का 90 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति एवं/अथवा अनुसूचित जाति का हो.

(इ) जो धर्म निरपेक्ष तथा स्तरीय शिक्षा प्रदान करती है.

(v) जो आवेदित प्रवृत्ति या प्रवृत्तियों को स्वयं के व्यय से पिछले तीन वर्षों से सफलता पूर्वक संचालित कर रही हो परंतु पूर्व से अनुदान सहायता प्राप्त संस्था को प्रवृत्ति के विस्तार एवं/अथवा नवीन प्रवृत्तियां हेतु शासन को यह संतोष होने पर कि संस्था द्वारा पूर्व प्रवृत्ति या प्रवृत्तियों को सफलता के साथ संचालित किया जा रहा है और उसी भांति विस्तारित प्रवृत्ति या प्रवृत्तियों को एवं/अथवा नई प्रवृत्ति संचालित करने हेतु संस्था सक्षम है, इस नियम कंडिका के उपबंध किये जा सकेंगे.

4. कर्मचारियों के वेतन, महंगाई-भत्ता एवं विद्यार्थियों को दी जाने वाली शिष्यवृत्ति के लिए शत-प्रतिशत अनुदान सहायता दी जावेगी. शेष समस्त आवेदित प्रवृत्तियों हेतु प्रदत्त अनुदान सहायता के अतिरिक्त लगने वाली राशि को संस्था स्वयं अपने स्रोतों से पूरा करेगी.

संस्था को दी जाने वाली अनुदान सहायता उसको स्वीकृत सभी प्रवृत्तियों एवं मद में (कर्मचारियों के वेतन तथा महंगाई भत्ता एवं विद्यार्थियों को दी जाने वाली शिष्यवृत्ति को छोड़कर) होने वाले वास्तविक व्यय की 90 प्रतिशत राशि से अनाधिक होगी.

5. जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक वित्तीय वर्ष समाप्ति के एक माह के अंदर (अर्थात् आगामी वित्तीय वर्ष के अप्रैल माह में) अनुदान सहायता राशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र संस्था से प्राप्त कर कलेक्टर के माध्यम से शासन एवं आयुक्त, आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास को प्रेषित किया जाएगा.

6. शैक्षणिक प्रवृत्तियों के लिए स्टॉफ पैटर्न राज्य शासन के स्वीकृत सेटअप के अनुसार तथा गैर शैक्षणिक गतिविधियों से संबंधित प्रवृत्तियों के लिए संबंधित विभाग द्वारा स्वीकृत सेटअप मान्य होगा. जिन प्रवृत्तियों के लिए सेटअप शासकीय विभागों से स्वीकृत नहीं है उनके लिए सेटअप की स्वीकृति शासन में निहित रहेगी.

7. गैर शैक्षणिक प्रवृत्तियों के लिए समस्त प्रसंगों में मापदण्ड संबंधित प्रशासकीय विभाग अथवा/एवं छत्तीसगढ़ शासन के अन्य प्रशासकीय विभाग तत्समय प्रवृत्त मापदण्ड के अनुसार होंगे.

8. कोई संस्था उसी उद्देश्य/गतिविधि/प्रवृत्ति हेतु, जिसके लिए, विभाग द्वारा अनुदान सहायता प्रदत्त की गई है, छत्तीसगढ़ शासन के अन्य किसी विभाग से अनुदान सहायता प्राप्त नहीं कर सकेगी.

9. शासन, सामान्य या विशेष आदेश द्वारा किसी भी संस्था को इन नियमों में प्रवर्तन से छूट दे सकेगा और उन्हें तदर्थ या किसी भी अन्य विशेष आधार पर अनुदान सहायता दे सकेगा, जिसके लिए अलग से शर्तें प्रभावशील की जा सकेगी.

**अनुदान सहायता हेतु आवेदन एवं स्वीकृति आदि की प्रक्रिया :—**

(अ) **सामान्य अनुदान सहायता की प्रक्रिया :—**

(1) नवीन अनुदान सहायता प्राप्त करने की इच्छुक संस्था का प्रस्ताव, जिला कलेक्टर के कार्यालय में 31 अगस्त के पूर्व विहित प्रपत्रों (1 से 8) में आवेदन पत्र व कलेक्टर के कार्यालय से विभागाध्यक्ष को 31 अक्टूबर के पूर्व अथवा तथा विभागाध्यक्ष से शासन को 31 दिसंबर के पूर्व तक अनुशंसा सहित प्रेषित किया जाना चाहिये.

(2) अनुदान नवीनीकरण के प्रस्ताव 30 जून के पूर्व/तक जिला कलेक्टर को तथा जिला कलेक्टर से पूर्ण परीक्षण उपरांत अनुशंसा सहित 31 अक्टूबर के पूर्व/तक विभागाध्यक्ष को प्रेषित की जाना चाहिये. विभागाध्यक्ष द्वारा परीक्षण उपरांत शासन स्वीकृति के लिए नवीनीकरण अनुदान के प्रकरण 31 दिसंबर के पूर्व/तक अनुशंसा सहित प्रेषित की जानी चाहिये.

(3) आवेदन पत्र के साथ चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट से अंकेक्षित एवं अभिप्रमाणित गत वर्ष के लेखे व अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किये जायेंगे. सक्षम अधिकारी के द्वारा चाहे पर एक से अधिक वर्ष के लेखे भी संस्था को प्रस्तुत करना होगा.

(4) आवेदन पत्र के साथ आवेदित प्रवृत्ति या प्रवृत्तियों को निरंतर रखे जाने बाबत् आवश्यक निरंतरता प्रमाण पत्र संलग्न किया जावेगा.

(5) आवेदित प्रवृत्ति या प्रवृत्तियों हेतु भवन पर्याप्त है, इस आशय का विवरण व प्रमाण (साइट प्लान, नक्शा आदि) आदिमजाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग अथवा लोक निर्माण विभाग के सक्षम अधिकारी से प्राप्त कर आवेदन पत्र के साथ संलग्न किया जावेगा.

(6) अनुदान सहायता के आवेदन पत्र के साथ संस्था को इस आशय का शपथपत्र प्रस्तुत करना होगा कि उसी प्रवृत्ति के लिए राज्य शासन के किसी अन्य विभाग/केन्द्र शासन से अनुदान प्राप्त नहीं किया जा रहा है.

(7) संस्था को अनुदान सहायता के आवेदन पत्र के साथ विहित इकरारनामा हस्ताक्षरित कर प्रस्तुत करना होगा.

(8) संस्था अनुदान देयकों एवं इकरारनामा आदि में हस्ताक्षर करने हेतु अपने एक प्रतिनिधि को प्राधिकृत कर उसका नाम एवं पता सक्षम अधिकारी को सूचित करेगी. राशि के दुरुपयोग अथवा गबन की स्थिति में राशि वसूली का दायित्व संबंधित व्यक्ति पर निर्धारित किया जावेगा.

(9) संस्था को अनुदान सहायता स्वीकृत किये जाने के पूर्व सक्षम अधिकारी अथवा जिला अधिकारी अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत कोई भी राजपत्रित अधिकारी संस्था एवं उसके द्वारा संचालित प्रवृत्ति या प्रवृत्तियों का निरीक्षण कर प्रतिवेदन कलेक्टर को प्रस्तुत करेगा, जिसके गुण-दोष के आधार पर अधिकार सीमा के तहत सक्षम अधिकारी द्वारा स्वीकृति प्रदान की जा सकेगी.

(10) जिला अधिकारी, कलेक्टर, आयुक्त आदिमजाति एवं अनुसूचित जाति विकास एवं राज्य शासन प्राप्त प्रस्तावों के परीक्षण के दौरान कोई भी अतिरिक्त जानकारी मंगवा सकेगा, उपरोक्त में से कोई अधिकारी यदि अनुदान सहायता स्वीकृत करने हेतु सक्षम हो तो आवेदन के संबंध में कार्यवाही करेगा अन्यथा गुण-दोष के आधार पर स्पष्ट अभिमत अंकित कर उचित माध्यम से सक्षम अधिकारी को अग्रेषित कर देगा.

(11) अनुदान सहायता स्वीकृत कर्ता अधिकारी आवेदित अनुदान में कटौती करने के आदेश दे सकेगा, जिसके कारण लिपिबद्ध किये जावेंगे.

(12) जिस प्रायोजन के लिए अनुदान सहायता दी गयी है उसी प्रयोजन के लिए उपयोग में ली जावेगी, संस्था को तद्नुसार अनुदान सहायता का उपयोगिता प्रमाण-पत्र आगामी वर्ष में अंतिम किश्त की स्वीकृति से पूर्व स्वीकृत कर्ता अधिकारी को सक्षम अधिकारी से प्रमाणित कराकर प्रस्तुत करना होगा.

(13) जिला वित्तीय वर्ष के लिए संस्था को अनुदान सहायता स्वीकृत की गई है, उसका उपयोग निर्धारित प्रयोजन में उसी वित्तीय वर्ष में होना चाहिए. अनुदान सहायता में से जो राशि अव्ययित रह जाए उसे विभाग के प्राप्ति शीर्ष में 31 मार्च के पूर्व चालान द्वारा जमा किया जाना होगा.

(14) पूर्व से अनुदान प्राप्त संस्थाओं के नवीनीकरण मामले में अशासकीय संस्था अनुदान नियम 2006 में निहित सभी औपचारिकताएं पूर्ण होने पर, निरंतरता वाले प्रकरणों में विगत वर्ष कुल स्वीकृत अनुदान का 50 प्रतिशत, प्रथम किश्त की राशि प्रत्येक वर्ष माह जून में तथा तृतीय एवं अंतिम किश्त के प्रस्ताव विभागाध्यक्ष/प्रशासकीय विभाग को उनके स्वीकृति के अधिकार सीमा अन्तर्गत 31 अक्टूबर/दिसम्बर तक अनुशंसा सहित स्वीकृति हेतु प्रेषित किया जाना चाहिए.

(15) संस्था को अपनी कार्यकारिणी समिति में विभाग के जिलाधिकारी अथवा उनके द्वारा नामांकित प्रतिनिधि को प्रतिनिधित्व दिया जाना अनिवार्य होगा.

(16) नवीन अनुदान केवल उन्हीं प्रवृत्तियों के लिए स्वीकृत होगा जिसमें अनुदान नियमों का पालन किया गया है.

(17) जब कभी कोई अनुदान सहायता प्राप्त संस्था, इन नियमों में विनिर्दिष्ट शर्तों के संबंध में उसके कार्य संपादन पर अनुदान स्वीकृतकर्ता अधिकारी का समाधान न कर पाये तो वह उक्त संस्था के प्रबंधन को वर्णित खामी/त्रुटि को दूर/ठीक करने के लिए एक निर्धारित समय के भीतर नोटिस देगा और संस्था द्वारा नोटिस का पालन न किये जाने पर अनुदान स्वीकृतकर्ता अधिकारी अनुदान रोक सकेगा या उसकी राशि कम कर सकेगा या दी गई राशि की वसूली का आदेश दे सकेगा.

(18) किसी भी संस्था द्वारा पिछले वर्ष प्राप्त अनुदान सहायता से अधिक राशि की मांग की जाने पर ऐसी अतिरिक्त मांग का सावधानी से परीक्षण किया जाना चाहिए. मांग का पूरा औचित्य होने पर बढ़ी हुई राशि की मांग के प्रस्ताव को जिला अधिकारी द्वारा कलेक्टर को भेजा जायेगा. कलेक्टर उसे अपनी अनुशंसा सहित सक्षम अधिकारी को भेजेंगे. सक्षम अधिकारी पूर्व स्वीकृति के पश्चात् ही अधिक प्रस्तावित राशि का समावेश अगले वर्ष के प्रस्ताव में किया जा सकेगा. परन्तु कर्मचारियों की वार्षिक वेतन वृद्धि इस नियम के परिधि से बाहर होगी.

**( ब ) भवन अनुदान सहायता हेतु पात्रता एवं स्वीकृति की प्रक्रियाएँ :—**

(1) भवन अनुदान सहायता अनावर्ती अनुदान सहायता है जो उसी स्थिति में स्वीकृत की जा सकेगी, जब संस्था के पास भवन हेतु स्वयं की भूमि या कम से कम तीस वर्षों के लिए लीज पर ली गई भूमि उपलब्ध हो.

(2) संस्था की गतिविधियों के संचालन हेतु भवन, छात्रावास, आश्रम तथा कर्मचारी आवासों के निर्माण, खरीदी तथा जीर्णोद्धार हेतु स्वीकृति की जा सकेगी. भवन अनुदान सहायता हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन करना होगा. आवेदन पत्र के साथ कार्य की कुल लागत का 20 प्रतिशत अंश संस्था द्वारा स्वयं वहन करने का सहमति पत्र देना होगा.

(3) अनुदान स्वीकृति पश्चात् संस्था को अपने हिस्से की 20 प्रतिशत राशि का निर्माण की कार्यवाही पूर्ण हो जाने का प्रमाण-पत्र शासन के कार्य निर्माण के (वर्क्स डिपार्टमेंट) सक्षम तकनीकी अधिकारी जो अनुविभागीय अधिकारी से अनिम्न हो के मूल्यांकन प्रतिवेदन सहित शासन को भेजना होगा, तत्पश्चात् स्वीकृत अनुदान राशि दो किश्तों में कार्य की प्रगति एवं मूल्यांकन के आधार पर विमुक्त की जा सकेगी.

